www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–189 । सागर, रविवार, 27 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

स्टेशन पर रोशनी की कमी और गंदगी फैली पृष्ठ 3

- एक नन्ही मुस्कान
- बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा' पृष्ठ 4

- दिव्यांगजनों में आया स्वाबलंबन तथा आत्मनिर्भरता का भाव : डॉ. कुमार पृष्ठ 6

जिला जेल में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न पृष्ठ 7

### संतुलन साधने की कवायद : शिवराज ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार

# चुनाव से 2 महीने पहले 3 नए मंत्री बनाए

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से 2 महीने पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने 3 विधायकों- गौरीशंकर बिसेन, राजेंद्र शुक्ल और राहुल लोधी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। विधानसभा चुनाव से पहले 3 मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल कर क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की कोशिश की गई है। नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ शिवराज मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंच गई है।

मंत्रिमंडल में शामिल किए गए श्री बिसेन बालाघाट से 7 बार के विधायक हैं, वहीं रीवा से राजेंद्र शुक्ल 4 बार से लगातार विधायक हैं। यह दोनों पहले भी मंत्री रहे हैं, लेकिन 2020 में सिंधिया समर्थक विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद बनी शिवराज सरकार में इन दोनों को मंत्री नहीं बनाया जा सका था। टीकमगढ़ के खरगापुर विधानसभा से पहली बार के विधायक और अब मंत्री बने राहुल लोधी पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। चुनाव से 2 महीने पहले मंत्रिमंडल में नए मंत्रियों को शामिल करना भाजपा की चुनावी रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है, क्योंकि जिन चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है उनमें राजेंद्र शुक्ल विंध्य क्षेत्र में एक कद्दावर नेता हैं। उन्हें शामिल कर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश की गई है। जबकि श्री बिसेन की पिछड़ा वर्ग में खासी पैठ है, वे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को सुनिश्चित करने सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा दायर की गई याचिका के दौरान मध्यप्रदेश में पिछड़े वर्ग की संख्या को लेकर तार्किक पक्ष रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, वहीं राहुल लोधी को मंत्रिमंडल में शामिल कर लोधी मतदाताओं को साधने का प्रयास किया गया है। राज भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, जल संसाधन आयुष (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री रामकिशोर कांवरे, सांसद प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विष्णुदत्त शर्मा के अलावा कई विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नए मंत्रियों का परिचय

**गौरीशंकर बिसेन :** श्री बिसेन वर्ष 1985 में आठवीं, 1990 में नौवीं, 1993 में दसवीं तथा वर्ष 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री बिसेन विधान सभा की अनेक समितियों के सदस्य एवं सभापति रहें। श्री बिसेन वर्ष 1998 एवं 2004 में लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा लोकसभा की स्थाई समिति रक्षा, ऊर्जा, रेल, कृषि, खाद्य और नागरिक आपूर्ति सलाहकार समिति के सदस्य रहे। श्री बिसेन 25 दिसम्बर, 2000 से भा.ज.पा. किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, भा.ज.पा. अल्पसंख्यक मोर्चा और सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी भी रहे है। श्री गौरीशंकर बिसेन भारतीय जनता पार्टी के तीन बार प्रदेश उपाध्यक्ष, वर्ष 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता मंत्री बने । श्री बिसेन वर्ष 2013 में चौदहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए एवं उन्हें किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री बिसेन वर्ष 2018 में सातवीं बार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री गौरीशंकर बिसेन ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मण्डल में केबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

**राजेन्द्र शुक्ल :** श्री शुक्ल वर्ष 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं पर्यावरण रहे। वे वर्ष 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी, खनिज साधन, विधि और विधायी कार्य और ऊर्जा मंत्री रहे। उन्हें 14 सितम्बर 2012 को मंत्री ऊर्जा, खनिज साधन बनाया गया। श्री शुक्ल वर्ष 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा उन्हें मंत्री, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, खनिज साधन, जनसम्पर्क, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार, प्रवासी भारतीय विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री राजेन्द्र शुक्ल वर्ष 2018 में चौथी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। श्री शुक्ल ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मण्डल में केबिनेट मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की।

**राहुल सिंह लोधी :** श्री लोधी भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं। वे वर्ष 2018 में विधानसभा सदस्य के रूप में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-47 खरगापुर से निर्वाचित हुए हैं। श्री लोधी ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मंडल में राज्य मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात

**कोलकाता, एजेंसी।** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और कराला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं क्योंकि उनके घरों में नदी का पानी भर गया है। जलपाईगुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष स्वरूप मंडल के नेतृत्व में एक बचाव दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और प्रभावित लोगों को सूखे इलाकों में ले जाया है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। वार्ड नंबर 25 की पार्षद पौषाली दास ने पुष्टि की, कि करीब 350 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को बाढ़ आश्रय स्थलों या अन्य क्षेत्रों में दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा कई मवेशी भी प्रभावित हुए हैं। हम यथासंभव अस्थायी आश्रय और भोजन प्रदान करके उन्हें बचाने और उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, नदी का पानी बढ़ने से वार्ड नंबर 1 और 3 के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई है।प्रशासनिक बिल्डिंग और जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल के सामने के इलाकों में भी भारी जलजमाव देखा जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को भारी परेशानी हो रही है। शनिवार सुबह बारिश कम होने लगी और स्थानीय ग्रामीण नगर निकाय अधिकारियों को उम्मीद है कि मौसम की स्थिति में सुधार होगा।

### चंद्रयान-3 मिशन पर प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# लैंडिंग प्वाइंट को `शिव शक्ति प्वाइंट नाम मिला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसरो आए पीएम ने कहा कि चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा, जबकि चंद्रमा पर विक्रम लैंडर के उतरने का दिन (23 अगस्त) देश में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। पीम ने कहा, भारत ने उस टचडाउन प्वाइंट का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का फैसला किया है, जहां विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रमा का शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय से कन्याकुमारी तक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि शिव शक्ति प्वाइंट भावी पीढ़ियों को मानवता के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग की दिशा में प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रमा पर वह प्वाइंट जहां चंद्रयान मिशन-2 ने निशान छोड़े हैं उसे 'तिरंगा' कहा जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई

शनिवार सुबह इसरो पहुंचने पर प्रधानमंत्री का इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के निदेशक बी.एन. रामकृष्ण और यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक एस. शंकरन ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने तीनों वैज्ञानिकों को गले लगाकर स्वागत किया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, उन्होंने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

### शिवशक्ति पॉइंट के चारों ओर घूम रहा रोवर

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शनिवार को एक और नया वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रज्ञान दक्षिण ध्रुव पर रहस्यों की खोज में शिव शक्ति बिंदु के चारों और घूमता हुआ नजर आ रहा है। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों ही सौर उर्जा से संचालित हैं। इन्हें चांद की रोशनी वाली जगह पर ठीक से पहुंचाया गया है।

### लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हादसा

# मदुरै में ट्रेन में लगी आग, 10 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई। सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे।

## दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। दिवंगत कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके प्रशंसकों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम ओशिवारा श्मशान घाट पर किया गया। कोहली का जन्म दो नवंबर, 1942 को पाकिस्तान के रावलपिंडी के एक सिख परिवार में हुआ था। बाद में, उनका परिवार देहरादून में बस गया था।

## राज्यपाल को सरकार को धमकाने का अधिकार नहीं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि एक 'चयनित' राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों को धमकाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने की राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की 'धमकी' पंजाब के 3.5 करोड़ लोगों का अपमान है। पंजाबियों ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में सरप्लस बनाने के अलावा, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अभूतपूर्व बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह ऐसी धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

## मिनी ट्रक पलटने से 4 लोगों की मौत

**शिवपुरी, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के नरवर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक मिनी ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। मिनी ट्रक में सवार लोग भैंस खरीदकर ले जा रहे थे। दुर्घटना में मिनी ट्रक में सवार चार भैंसों की भी मृत्यु हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तड़के धौलपुर पुरानी क्षेत्र के कुछ लोग शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र से भैंस खरीद कर मिनी ट्रक से धौलपुर ले जा रहे थे। तभी यह ट्रक नरवर थाना क्षेत्र में ग्राम केरउ के पास पलट गया। दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई जिनके नाम सन्नू, सलीम, निजामुद्दीन एवं नासिर कुरैशी निवासी पुरानी छावनी धौलपुर बताए गए हैं।

मान. साध्वी सुश्री उमा भारती जी
पूर्व मुख्यमंत्री

श्रीमती उमिता सिंह
जिला पंचायत अध्यक्ष

खरगापुर
विधायक माननीय
श्री राहुल सिंह लोधी जी
को मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने पर
हार्दिक बधाइयां, शुभकामनाएं एवं
माननीय
मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी
का आभार

श्री महेश दोहरे, परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग, बल्देवगढ़

मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मा. अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

मा. शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

मा. विष्णुदत्त शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष

मान. साध्वी सुश्री उमा भारती जी
पूर्व मुख्यमंत्री

खरगापुर
विधायक माननीय
श्री राहुल सिंह लोधी जी
को मध्य प्रदेश
सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने पर
हार्दिक बधाइयां, शुभकामनाएं एवं
माननीय
मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी
का आभार

श्रीमती उमिता सिंह
जिला पंचायत अध्यक्ष

श्री प्रभाष राज घनघोरिया
जिला पंचायत सीईओ

सौजन्य : समस्त सरपंच एवं जनप्रतिनिधि बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश

# ग्राम बरोदिया नोनागिर के दलित युवक नितिन अहिरवार की पीट-पीट कर हत्या के मामले में कांग्रेस का जांच दल घटना स्थल पहुंचा

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा दुर्दांत घटना पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी लड़ाई लड़ेगी
- दोषियों के मकानों को बुलडोजर चलाकर गिराने व पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

**सागर, देशबन्धु।** जिले के खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवक नितिन अहिरवार की पीट-पीट कर हत्या किए जाने की घटना को मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ ने गंभीरता से लेकर उन्होंने घटना की जांच के लिए कमेटी का गठन कर घटना स्थल पर भेजा। घटनास्थल पर पहुंचे जांचदल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से पीड़ितों की मोबाइल पर बात कराई। उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा जताया। घटना को लेकर पीड़ित परिवार तथा ग्रामीणजनों समेत समूचे दलित व अहिरवार समाज में भारी आक्रोश है। जिसके चलते मृतक का अब तक अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। कांग्रेस के जांच दल के पहुंचने की खबर से कलेक्टर दीपक आर्य और एसपी अभिषेक तिवारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।जिले के खुरई विधानसभा अंतर्गत ग्राम बरोदिया नोनागिर के युवक नितिन अहिरवार की दबंगों द्वारा पीट-पीट कर की गई हत्या के मामले में मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की अगुआई में 6 सदस्यीय जांच दल के साथ पीसीसी प्रभारी अवनीश भार्गव ने जांच दल के सदस्यों जगदीश यादव, तुलाराम अहिरवार, देवेंन्द्र तोमर एवं लोकमन कुशवाहा के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार तथा ग्रामीणजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। मप्र कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने उक्त संबंध में बताया कि जांच दल ने पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जांच दल ने मौके पर ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को घटना से अवगत कराते हुए मृतक की बहन अंजना अहिरवार से मोबाइल फोन पर उनकी बात कराई। मृतक की बहन से चर्चा कर उक्त घटना पर अपना तीखा आक्रोश और दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है। कमलनाथ ने पीड़ित परिवार से कहा है कि उनके साथ हुई इस जघन्य घटना ने एक बार फिर प्रदेश को शर्मसार किया है। उनके साथ हुई दुर्दांत घटना पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी लड़ाई लड़ेगी। घटना की जांच के लिए यहां पहुंचे पीसीसी सागर जिला प्रभारी अवनीश भार्गव तथा जांच दल के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार और यहां के जिम्मेदार मंत्री भूपेंद्र सिंह की शह पर पूरे क्षेत्र में न केवल अनुसूचित जाति बल्कि आम पिछड़े गरीब और सामान्य वर्गों के बीच आतंक और भय का साम्राज्य है। जिसके चलते ही मंत्री से जुड़े हुए दबंगों ने अनुसूचित जाति के युवक की पीट-पीट कर हत्या की और उसकी मां को भी निर्वस्त्र कर पीटने का शर्मनाक काम किया है। उन्होंने कहा कि अब आतंक का राज खत्म होने को है और गुंडों व अपराधी तत्वों को सजा मिलने का समय आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस घटना से जुड़े आरोपियों को मंत्री और सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच दल ने मांग की है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दावे के अनुसार इन अपराधियों के साथ भी समान व्यवहार करते हुए इस घटना के दोषियों के मकानों को बुलडोजर चलाकर गिराया जाए और उन्हें कड़े से कड़ा दंड देने की कार्यवाही तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने मृतक के परिजनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता तथा परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की है। जांच दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचने वालों में प्रहलाद पटेल, अंशुल सिंह परिहार, भैयन पटेल, रक्षा राजपूत, नंदकिशोर भारती, अशोक कुशवाहा, हीरालाल चौधरी, सिद्धार्थ बौद्ध आदि शामिल रहे।

### उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर घटना को बताया निंदनीय

वहीं उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर हत्या की वारदात पर दुख जताया है। उन्होंने तीन ट्वीट करते हुए लिखा है कि मप्र के सागर जिले में जहां अभी हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी ने संतगुरु रविदास जी की स्मारक बनाने की नींव बड़े तामझाम से रखी। वहीं उसी क्षेत्र में उनके भक्तों के साथ जुल्म ज्यादती चरम सीमा पर है, जो भाजपा व उनकी सरकार के दोहरे चरित्र का जीता जागता प्रमाण है। दूसरे ट्वीट में लिखा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में मंत्री के गुर्गे दलित लड़की के साथ छेड़छाड़ के बाद राजीनामा न करने पर युवक नितिन अहिरवार की पीट पीटकर हत्या कर देते हैं। मां को निर्वस्त्र कर हाथ तोड़ देते हैं। बहन के साथ मारपीट और उनके घर को ढहा देते है। ऐसा भयानक दृश्य भाजपा के शासन में हो रहा है। आगे उन्होंने लिखा कि उस प्रकार की क्रूर जातिवादी घटनाओं की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। मप्र सरकार में ऐसी और भी जघन्य घटनाएं लगातार होती रही हैं। किन्तु न तो भाजपा और न ही उनकी सरकार इसकी रोकथाम के लिए गंभीर नजर आती है। यह अति दु:खद, निंदनीय और चिंतनीय भी।

### मुख्य आरोपी विक्रम सहित कुल 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** फरियादी अंजना पिता रघुवीर अहिरवार उम्र 22 साल निवासी बरौदिया नौनागिर में रिपोर्ट की 24 अगस्त को करीब 8.30 बजे रात की बात है ग्रामीण मध्यांचल बैंक के पास मेरे भाई लालू उर्फ नितिन को विक्रम ठाकुर, विजय ठाकुर, आजाद ठाकुर, कोमल ठाकुर, लालू खान, इस्लाम खान, गोलू सोनी, नपीस खान, वहीद खान व अन्य तीन चार लोग लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया है, बीच बचाव करने फरियादिया एवं उसकी मां भी चोट लगी है उसके साथ भी मारपीट की हैं कि रिपोर्ट पर देहाती नालसी अप.क्र. 00/23 307, 323, 294, 458, 427, भादवि 3 (1) (द), 3(1)(ध) 3(2)(v), 3(2)(v-a ) एससी/एसटी कायम कर असल नम्बर क्र329/23 कायम किया गया आहत लालू उर्फ नितिन पिता रघुवीर अहिरवार निवासी बरौदिया नौनागिर को प्राथमिक उपचार बाद गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टर द्वारा बीएमसी सागर रेफर कर दिया गया जिसकी बीएमसी में मृत्यु हो गई जिसका बीएमसी चौकी द्वारा मर्ग इंटीमेशन लेख कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही की गई हैं मामले में धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया है। मामले में मुख्य आरोपी विक्रम सहित कुल 8 आरोपियों की गिरिफ्तारी अभी तक की जा चुकी है।

### गिरफ्तार किये गये आरोपी

विक्रम ठाकुर उम्र 41 साल, आजाद ठाकुर उम्र 36 साल, इस्लाम खान उम्र 37 साल, गोलू उर्फ सुशील कुमार सोनी उम्र 36 साल, अनीश खान उम्र 28 साल, गोलू उर्फ फरीम खान उम्र 22 साल, अभिषेक रैकवार उम्र 18 साल, अरबाज खान उम्र 19 साल सभी निवासी बरौदिया नौनागिर शेष बचे हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम में बनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके के नेतृत्व में लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं शीघ्र ही उनके गिरफ्तारी कर ली जावेगी। फरयादी के घर तथा ग्राम में सुरक्षार्थ पुलिस गार्ड लगाया गया है पुलिस लगातार हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

## सार-समाचार

### रुद्राभिषेक के साथ आज होगा कृष्णाभिषेक

**सागर, देशबन्धु।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के अंतिम दिवस एकादशी पर्व पर श्री कृष्ण अभिषेक भी किया जायेगा। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक रूद्री निर्माण होगा, 11.30 बजे से 1 बजे तक महारुद्राभिषेक एवं कृष्णाभिषेक किया जायेगा। एकादशी पर्व और रविवार अवकाश पर श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थापकों द्वारा कोपर पता आदि की संख्या बढ़ाते हुए समुचित व्यवस्था की गई है। रविवार को शिवलिंग निर्माण का आखिरी दिन है। सोमवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हवन पूर्णाहूति होगी और शाम 4 बजे से कन्याभोज कराया जायेगा। शनिवार को शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक में आरपी मिश्रा, केपी गांधी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, गुड्डू साहू, डब्बू गर्ग, प्रदीप तिवारी, गीता शर्मा, सुहागरानी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया

**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने प्रत्येक वार्ड में विशेष अभियान चलाया जा रहा है और मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वार्ड क्र. 15 गोपेश्वर वार्ड में मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभियान चलाया गया जहा लोगो को वोटर कार्ड बनवाने एवं मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### वृद्ध असहायों को कपड़े वितरण किए

**सागर, देशबन्धु।** श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति ने अतिशय होम्स लली भवन सोनी परिवार के द्वारा भूतेश्वर मंदिर परिसर में बैठे असहाय वृद्ध बेसहारो के लिए समिति ने कपड़े, फल, बिस्किट आदि सामग्री वितरण किया और उनके चेहरों पर मुस्कान छा गई और भिन्न-भिन्न मंदिरों एवं अन्य जगहों पर समिति कई वर्षों से मानव सेवा करते आ रहे हैं सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कोरी, राजेश फुसकेले एवं अजय सोनकर ने कहा कि मानव सेवा करना बहुत बड़ी सेवा है और यह कार्य हम निरंतर करते जाएंगे इस दौरान शिवराम पटेल, कालूराम मासाब, अनिल जैन, सौरभ रजक, श्वेता साहू, सुनील साहू, सुरेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**सागर, देशबान्धु।** केसली थाना क्षेत्र में बाइक दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक चंद्रेश उर्फ चन्द्रभान गौड़ उम्र 35 साल निवासी नादिया अपने साढू की नई बाइक लेकर जमुनिया निवासी रघुराज गौंड के साथ सहजपुर जा रहा था। बाइक रघुराज चला रहा था। मृतक चंद्रेश पीछे बैठा था। शाम करीब 6.30 बजे ऊंटकटा पुलिया के आगे रघुराज गौड़ ने बाइक तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गिरा दी। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी तभी पीछे बैठा चंद्रेश बाइक से उछलकर सड़क किनारे जा गिरा, जिससे सड़क किनारे लगे तार फेंसिंग के खंभे से उसका सिर टकरा गया। घटना में चंद्रेश गंभीर घायल हुआ। घटना देख ग्रामीणों ने तत्काल घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर केसली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। मर्ग जांच करते हुए पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों और परिवार वालों के बयान लिए। घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक रघुराज गौड़ निवासी ग्राम जमुनिया के खिलाफ धारा 304ए के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### जन-जन से संपर्क कर तैयार करेंगे चुनाव घोषणा पत्र: प्रभात झा

**सागर, देशबन्धु।** जनआकांक्षाओं को एकत्रित करते हुए हर व्यक्ति को कैसे हम अपने साथ जोड़ें और उनके जो सुझाव हैं, लोग विकास के बारे में जो विचार करते हैं और प्रदेश के बारे में जो लोग सोचते हैं ऐसे सभी वर्गों को घोषणा पत्र से जोड़ने का काम करेंगे यह बात भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति संयोजक जयंत मलैया ने सागर में भाजपा संभागीय कार्यालय में आयोजित चुनाव घोषणा पत्र समिति की संभागीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में चुनाव घोषणा पत्र समिति सह संयोजक प्रभात झा, समिति सदस्य रिटायर्ड आईएएस कियावत, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, विधायक शैलेंद्र जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहें। जयंत मलैया ने संबोधित करते हुए कहा कि जन आकांक्षाओ के अनुरूप हमें घोषणा पत्र तैयार करना है जिसके लिए आवश्यक है की हमें बूथ स्तर पर पहुंचकर आम जनों के सुझावों को एकत्रित करना है जिसके लिए हम अपने अपने क्षेत्रों में जन चौपाल, जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सकते है जिसके लिए हमें अभिलंब कार्ययोजना तैयार करना हैं। सहसंयोजक प्रभात झा ने कहा कि घोषणा पत्र जनता और पार्टी के बीच सामाजिक राजनीतिक और सांस्कृतिक अनुबंध है इसलिए हमें समाज के सभी वर्गों से संपर्क कर उनके सुझाव और विचार लेना है ताकि हम ऐसा श्रेष्ठ घोषणा पत्र तैयार कर सकें जो जन जन की अभिव्यक्ति का घोषणा पत्र हो जो जन चर्चा का विषय बनें। जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा की भाजपा कार्यालय में चुनाव घोषणा पत्र सुझाव एकत्र करने हेतु सुझाव पेटी रखी गईं है जिसमें पार्टी कार्यकर्ता व आमजन अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव लिखकर डाल सकते हैं जिन्हें निश्चित समय उपरांत घोषणा पत्र समिति तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों के साथ साथ सागर नगर के विभिन्न सामाजिक व्यापारिक संगठनों के प्रमुख व प्रबुद्ध जन भी उपस्थित रहें जिन्होंने समिति सदस्यों के समक्ष अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्याम तिवारी एवं आभार संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक ने व्यक्त किया।

**सागर, देशबन्धु।** बारोदिया नोनागिर में नितिन अहिरवार की हत्या की जांच के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 6 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया। जिसमें प्रदेश महासचिव देवेंद्र तोमर ने घटना स्थल पर टीम के साथ जाकर घटना क्रम का जायजा लिया।

### दिव्यांग दलितों की मदद के लिए आगे आया कांग्रेस सेवादल

**सागर, देशबन्धु।** शासन भले ही अनुसूचित जाति वर्ग और दिव्यांगों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाने की बात करती हो लेकिन हकीकत में यह वर्ग इन योजनाओं के लाभ से अछूते है। ऐसा ही कुछ आज शहर के हृदय स्थल गौर मूर्ति पर नजर आया। जहां दलित दिव्यांग दंपत्ति रोजगार के लिए डॉ. गौर की प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठ गए। दिव्यांगों को धरना देते देख वहां कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे अपने साथियों के साथ पहुंचे जिन्होंने धरनारत दिव्यांग दंपत्ती को न सिर्फ भोजन कराया बल्कि उनकी समस्या को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शहर के हृदय स्थल गौर मूर्ति पर उस समय भीड़ का माहौल मच गया जब भागीरथ अहिरवार एवं उनकी पत्नी रमा अहिरवार ने बैनर लगाकर धरना शुरू कर दिया। मामले में जब हमने दिव्यांग भागीरथ से चर्चा की तो उनका कहना है कि 2019 में उन्होंने रमा से विवाह किया था जिस पर उन्हें शासन से एक लाख रूपए की अनुदान मिला। उसके बाद लगातार वह नगर निगम सहित सभी शासकीय विभागों में करीब एक सैंकड़ा से अधिक बार रोजगार के लिए आवेदन कर चुके हैं। इतना ही नहीं श्री अहिरवार के पास करीब 40 से अधिक जनसुनवाई के पत्र मौजूद हैं जिसमें उन्होने शासन को आवेदन किए लेकिन फिर भी सुनवाई न होने के कारण अब वह गौर मूर्ति पर धरना दे रहे हैं। सेवादल अध्यक्ष श्री कटारे ने कहा कि भाजपा सरकार केवल भाषणों और घोषणाओं की सरकार है। जमीनी हकीकत यह है कि गरीब और दलित वर्ग को आज भी कोई शासकीय सुविधा नहीं मिल पा रही। यह धरना दे रहे दिव्यांग दलित दंपत्ती से ही जाहिर हो जाता है। वह इस दंपत्ती की दुविधा से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को अवगत कराकर इनकी दुविधा दूर कराने का प्रयास करेगें। इस दौरान उनके साथ अंकित जैन हिन्नौद, लल्ला यादव, अंकुर यादव, आदर्श यादव, रवि जैन आदि शामिल थे।

# महापौर, निगम आयुक्त की अपील पर छात्र-छात्राएं और नागरिक उत्साह के साथ दे रहे फीडबैक

**सागर, देशबन्धु।** नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अच्छे नंबर दिलाने के लिए 31 अगस्त तक नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक देना है, जिसके लिए महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला सहित समस्त वार्ड पार्षदों द्वारा नागरिकों को सिटीजन फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, समूह की महिलाओं और इन्क्यूवेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर कन्हैया एवं शुभम दुबे अपनी टीम के साथ लगातार वार्डों, कोचिंग सेंटर, कॉलेज और एजेंसियों में जाकर फीडबैक देने के लिए प्रेरित कर फीडबैक दिलाने का कार्य कर रहे है। जिसके परिणाम स्वरूप नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में फीडबैक दे रहे हैं। कन्हैया एवं शुभम द्वारा बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत प्रशिक्षु डॉक्टर एवं आदिनाथ मोटर्स एजेंसी और वर्कशॉप में कार्यरत कर्मचारियों के बीच पहुंचकर उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण घटक सिटीजन फीडबैक है जिसमें आम नागरिक फीडबैक देकर अपने नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिला सकते हैं, जिसके फलस्वरुप मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टर और आदिनाथ मोटर्स में कार्यरत कर्मचारियों ने उत्साह के साथ फीडबैक देते हुए अपने परिचितों को भी फीडबैक देने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### निर्मल स्मृति साहित्य अलंकरण एवं पुस्तक विमोचन 3 सितंबर को

**सागर, देशबन्धु।** श्यामलम द्वारा नगर के ख्यात कवि स्मृति शेष निर्मल चंद निर्मल की द्वितीय पुण्य तिथि पर 3 सितंबर को अपराह्न 4 बजे से आदर्श संगीत महाविद्यालय सागर के सभागार में आयोजित स्मरण कार्यक्रम में वर्ष 2023 के निर्मल साहित्य अलंकरण से वरिष्ठ साहित्यकार टीकाराम त्रिपाठी को विभूषित किया जाएगा। इस अवसर पर गीतकार कवि नलिन जैन की प्रथम काव्य कृति नलिन गीतिका का विमोचन व उस पर चर्चा होगी।

### कांग्रेस सेवादल ने डॉ. हर्डिकर की पुण्यतिथि और मदर टेरेसा का जन्मदिन मनाया

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल शहर और ग्रामीण ने संयुक्त रूप से सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण राव हर्डिकर की पुण्यतिथि और मानवता की पर्याय मदर टेरेसा का जन्मदिन मिशनरीज आफ चैरिटी मदर टेरेसा आश्रम, विठ्ठल नगर, मढिया में मनाई। सर्वप्रथम सेवादल के सदस्यों ने दोनों महान हस्तियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। सेवादल के सदस्यों ने आश्रम के मरीजों और आश्रम में सेवा कर रहे स्टाफ को फल, मिठाई और बिस्किट वितरित किये। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि डॉ. नारायण सुब्बाराव हर्डिकर और मदर टेरेसा के जीवन का उद्देश्य एक ही था। दोनों ने अपना जीवन मानवता को समर्पित कर दिया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि आज यहां आकर मन को बड़ी आत्मिक शांति प्राप्त हुई नर सेवा को नारायण सेवा मानकर ही कांग्रेस सेवादल की मुहिम को आगे बढ़ाता जाऊंगा। इस अवसर पर द्वारका चौधरी, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, आनंद हेला, सीनू वाल्मीकि, देवेन्द्र वाल्मीकि, सुनील ठाकुर, अंकुर यादव, निक्की यादव आदि उपस्थित रहे।

### मुर्गा उधार नहीं दिया तो पीट पीटकर कर दिया लहुलुहान

**मालथौन, देशबन्धु।** शनिवार शाम को मुर्गा उधार नहीं दिया तो दुकानदार को पीट पीटकर लहू लुहान कर दिया मामला थाना मालथौन अंतर्गत सामने आया। मौके से घायल को डायल 100 पुलिस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथौन में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सूजन बंजारा पिता लालू जगत पिता लालू बंजारा निवासी सीपुरखास बताया गया कि वह सूजन बंजारा जो की मुर्गे की दुकान गांव में चलाता है। जो की ग्राहक को उधार नहीं दिया तो उन्होंने मारपीट कर दी। जिसे गंभीर हालत में डायल सौ पुलिस द्वारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

# गढ़ौला नाका रेल्वे क्रासिंग पर तेज गति से होगा ओवर ब्रिज का निर्माण: भूपेन्द्र सिंह

**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने गढ़ौला नाका रेलवे क्रासिंग रजवांस रोड पर 28 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। एक अन्य समारोह में मंत्री श्री सिंह ने यहां के तीन बालिका छात्रावासों में 40 लाख की लागत से होने वाले आवश्यक मरम्मत कार्य और पुताई कार्य का भूमिपूजन किया। कस्तूरबा गांधी क्र. एक व दो तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बालिका छात्रावासों की छात्राओं को उनके स्कूलों में लाने ले जाने के लिए 62 लाख की लागत से दो बसें स्वीकृत की, तीनों हास्टलों को दो-दो वाटर कूलर, एक-एक बड़ी वाशिंग मशीन, झूले बैंच स्लाइडिंग ओपन जिम सहित पार्क, पेवर ब्लाक वर्क, डिजीटल लाइब्रेरी, गर्ल्स एक्टीविटी रूम स्वीकृत किए। आरओबी के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व खुरई-रजवांस रोड का टेंडर स्वीकृत होकर अच्छी और चुस्त निर्माण एजेंसी निर्धारित हो चुकी है। इसका निर्माण कार्य कल से शुरू होगा और लगभग एक वर्ष में पूर्ण हो जाएगा। हालांकि निर्माण अवधि दो वर्ष निर्धारित है लेकिन चयनित निर्माण एजेंसी इसे तेज रफ्तार से बनाएगी। इस ब्रिज से खैरा नाका का रोड भी जोड़ दिया जाएगा। तीन रेल लाइनों पर ट्राफिक के कारण हर पंद्रह मिनट में फाटक बंद होता था और देर बाद खुलता था। इस ब्रिज के अभाव में खुरई-रजवांस रोड का विकास भी अवरूद्ध था। खुरई खिमलासा रोड के स्वीकृत कराए गए रेलवे ओवर ब्रिज का टेंडर दो दिन बाद स्वीकृत हो जाएगा जिसका भूमिपूजन 10 दिनों के भीतर होकर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बीना-खुरई आरओबी का शुभारंभ हो चुका है तथा जरुआखेड़ा व नरयावली रोड के दोनों ओवरब्रिजों का कार्य 70-80 फीसदी तक हो चुका है।

सेतु निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एस एन रिछारिया ने बताया कि 2797.97 लाख की लागत से बन रहे इस आरओबी की 20.52 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी कुल लंबाई 605.48 मीटर है। ब्रिज की चौड़ाई कुल 12 मीटर है जिसमें से 7 मीटर यातायात, चार मीटर फुटपाथ के लिए भी होंगे। ब्रिज के दोनों ओर 550 मीटर के सीसी रोड भी होंगे। मंत्री श्री सिंह ने तीन छात्रावासों की बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों गर्ल्स छात्रावासों के ओपन एरिया को तीन सुंदर पार्कों में बदलने का काम शुरू कर रहे हैं। छात्राओं से मंच पर आकर अपने विचार, हास्टल की समस्याएं और अपनी अपेक्षाएं व्यक्त करने को कहा। सुरभि कुशवाहा और पलक साहू ने माइक हाथ में लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इन बेटियों को मंत्री श्री सिंह ने अपनी ओर से दस-दस हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया और उनके द्वारा की गई हास्टल की सभी मांगे स्वीकृत कर दीं। जिन छात्राओं के दल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं उन्हें मंत्री श्री सिंह ने दस हजार का पुरस्कार दिया।

## सार समाचार

### मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव एसडीओपी और अलीपुरा थाना प्रभारी के साथ राजस्व निरीक्षक ने शनिवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जनता से संवाद किया। यह संयुक्त दल अलीपुरा थाना क्षेत्रा के संवेनदनशील पोलिंग बूथ चिरवारी, देवथा, टीला, बडागांव और जोरन के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचा। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर ग्राम से संवाद किया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम, अलीपुरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीडी शाक्य के साथ राजस्व निरीक्षक ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया है।

### 2 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के गिरफ्तार, स्थाई और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं इनामी, निगरानी गुण्डा-बदमाशों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ईशानगर थाना पुलिस ने दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा ने बताया कि दोनों वारंटी पिछले करीब 5 वर्ष से फरार चल रहे थे। गत दिवस पुलिस को सूचना मिली की दोनों वारंटी त्यौहार मनाने के लिए अपने घरों पर आए हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने उनके खेतों पर दबिश देकर उन्हें दबोच लिया। दोनों वारंटी थाना क्षेत्र के ग्राम पनौठा के रहने वाले हैं और उनकी उम्र क्रमशः 30 वर्ष और 20 वर्ष है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा, प्रधान रक्षक हफीज खान, जगवेंद्र सिंह परिहार, आरक्षक अवधेश मीणा, शिवानी पुरोहित की मुख्य भूमिका रही।

### गांजा तश्करी के 2 आरोपियों को सजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** करीब दो वर्ष पूर्व थाना ओरछा रोड द्वारा मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए पकड़े गए दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट छतरपुर एनएम सिंह मीना ने दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एडवोकेट वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि 31 अगस्त 2021 को ओरछा रोड थाना पुलिस ने सीबीआई के वाहन को टक्कर मारकर भाग रहे ट्रक क्रमांक पीबी 02 सीआर 9515 को पकड़ा था। ट्रक की तलाशी लिए जाने पर बड़ी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने ट्रक के चालक परमिन्दर सिंह गिल और परिचालक वीरेन्दर सिंह गिल के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया और इसके बाद मामला विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट छतरपुर एनएम सिंह मीना के न्यायालय में पहुंचा, जहां मामले का अवलोकन करने पर पाया गया कि आरोपियों द्वारा आधिपत्य से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा ले जाया जा रहा था। शासकीय अधिवक्ता अरुण देव खरे ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने का तर्क रखा जिस पर न्यायाधीश ने परमिन्दर सिंह गिल पुत्र सुरदीप सिंह गिल उम्र 35 वर्ष और वीरेन्दर सिंह गिल पुत्र गुरदीप सिंह गिल उम्र 37 वर्ष दोनों निवासी कोट मुगल तहसील थाना रमदास जिला अमृतसर को एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 8 (ग) के उल्लंघन का दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## छतरपुर रेलवे स्टेशन अव्यवस्थाओं की गिरफ्त में

# स्टेशन पर रोशनी की कमी और गंदगी फैली

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्कीम के माध्यम से विकसित करने की चर्चाएं चल रही हैं। इस योजना के माध्यम से स्टेशन पर कुछ विकास कार्य भी शुरू हुए हैं लेकिन छतरपुर का यह रेलवे स्टेशन फिलहाल कई समस्याओं से जूझ रहा है। सबसे बड़ी समस्या यहां स्टाफ की कमी से उपज रही है। पर्याप्त रेलवे स्टाफ एवं रेल पुलिस नहीं होने के कारण यात्रियों को कई मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है।

बेशक छतरपुर रेलवे स्टेशन के कारण जिले में आवागमन की सुविधाएं बेहतर हुई हैं। यहां से गुजरने वाली गाडियों की संख्या बढने के कारण लोग आसानी से दूसरे राज्यों तक पहुंचने लगे हैं लेकिन इस स्टेशन पर स्टाफ नहीं बढ़ाया जा रहा है जिसके कारण मुसाफिर परेशान हैं। सबसे बड़ी परेशानी टीटी के अभाव से निर्मित होती है जिसके चलते कई लोग बगैर टिकिट इस स्टेशन से यात्रा कर रहे हैं।

टिकिट लेने वालों को ही कई बार उनकी सीट नहीं मिलती। पर्याप्त पुलिस बल न होने के कारण चोरी और लूट की वारदातें भी पिछले कुछ महीनों में बढ़ी हैं। इतना ही नहीं स्टेशन पर पर्याप्त टिकिट विंडो नहीं होने, डिब्बों के रूकने का स्थान निर्धारित नहीं होने जैसी कई समस्याएं मौजूद हैं। स्टेशन पर रोशनी की कमी और गंदगी की बढ़ोत्तरी भी परेशान करने वाली है।

### अब साढ़े तीन करोड़ से शुरू हुए विकास कार्य

अमृत भारत योजना के माध्यम से इस स्टेशन को विकसित स्टेशन बनाया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे से साढ़े तीन करोड़ रूपए के माध्यम से कुछ बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने का काम भी शुरू किया है। बरूआसागर की एक ठेकेदारी कंपनी इस बजट से यहां पार्क, प्लेटफार्म, पार्किंग, परिसर की सडकों का चौड़ीकरण और महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का निर्माण कर रही है। यह कार्य तेजी से चल रहा है जो अगले वर्ष मई-जून तक पूरा हो सकता है। इसके अलावा अमृत भारत स्कीम के माध्यम से अक्टूबर नवंबर तक यहां कोच डिस्प्ले, लोडिंग, अनलोडिंग रैक प्वाइंट का काम भी पूरा होने की उम्मीद है।

# वाहनों से हटाए गए हूटर और नाम पट्टिका

**छतरपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत यातायात थाना पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार की सुबह यातायात पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई और इसके बाद शाम को शहर के प्रमुख चौराहे छत्रसाल चौक पर चैकिंग लगाकर ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की गई जो हूटर, कांच पर ब्लैक फिल्म, लाल-पीली बत्ती अथवा पदनाम या चिन्ह लगाकर चलाए जा रहे थे।

यातायात थाने के सूबेदार दलवीर मार्को ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार यह कार्यवाही की जा रही है। वाहन चालकों के लिए सोशल मीडिया पर एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें सभी आवश्यक नियमों का उल्लेख कर पालन करने की अपील की गई है। इसके साथ ही प्रतिनिदिन प्रमुख चौक-चौराहों पर चैकिंग लगाई जाएगी और नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा जो एडवाइजरी जारी की गई है उसमें लोगों से अपील की गई है कि वे शराब पीकर वाहन न चलायें, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं, गति सीमा का उलंघन न करें, नियंत्रित गति से वाहन चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सडक़ पार करते समय यातायात संकेतों (ट्रैफिक साईन) पर विशेष ध्यान दें और नो पार्किंग जोन, प्रतिबन्धित क्षेत्र तथा सडक़ पर वाहन पार्क न करें।

**ऐसे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत होगी कार्यवाही :** सूबेदार दलवीर मार्को ने बताया कि वाहन चालक अपने वाहनों में आगे एवं पीछे हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट विधिवत लगाएं अन्यथा उन पर केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा वाहन के ऊपर लाल, पीली बत्ती का अनाधिकृत उपयोग करने वालों पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1989 के नियम 108 के अन्तर्गत की जाएगी। मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के नियम 185 के उपनियम (4) के तहत वाहनों में सायरन अथवा हूटर का अनाधिकृत उपयोग पूर्णतः वर्जित किया गया है, इसका उल्लंघन करने वाले और वाहन की नंबर प्लेट पर पदनाम अथवा चिन्ह का उपयोग करने वाले के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### मौसमी बीमारियों का प्रकोप, लगातार बढ़ रहा संक्रमण

**छतरपुर, देशबन्धु।** मौसमी बीमारियों और संक्रमण का प्रकोप इन दिनों जिले में चरम पर है और मौसमी फ्लू (वायरल फीवर) के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में मौजूद 40 बेड की क्षमता वाले बच्चा वार्ड में इन दिनों एक सैकड़ा से अधिक बच्चे भर्ती हैं, जो वायरल फीवर की चपेट में है। उल्लेखनीय है कि मानसून का सीजन अपने साथ कई सारी बीमारियां और संक्रमण लेकर आता है और यही कारण है कि इन दिनों वायरल फीवर के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।

जिला अस्पताल में भर्ती 3 साल की बच्ची के पिता कृष्ण प्रकाश गोस्वामी निवासी छतरपुर का कहना है कि वार्ड में भर्ती ज्यादातर बच्चे वायरल फीवर से ग्रसित हैं। उनकी बेटी को भी खांसी और बुखार है जिसका इलाज कराने के लिए वे जिला अस्पताल आए हैं। इसी तरह ग्राम चौकी पुरवा निवासी अनीता रैकवार ने बताया कि उनकी बेटी पिछले करीब एक माह से वायरल फीवर की चपेट में है। पूर्व में वे बच्ची को जिला अस्पताल लाई थीं जहां करीब 7 दिन तक इलाज के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया था।

# जर्जर किचिन शेड से हादसे का अंदेशा

- बीआरसी बोले निर्माण के लिए जिला पंचायत को प्रस्ताव भेज दिया है

**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव जनपद शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक शाला मड़रका का किचन शेड जर्जर हालत में पहुंच गया है,जिसके चलते यह शेड कभी भी धराशायी हो सकता है। इस मामले में जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसी ने शेड निर्माण के निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्ताव जिला पंचायत में भेजने के बाद स्वीकृति मिलते ही निर्माण कराने की बात कही है।

विकासखंड क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में किचन शेड की हालत दयनीय है। कई प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में तो किचन शेड ही नहीं है जिस कारण से रसोइया एवं समूह स्कूलों में खुले आसमान के नीचे मध्याह्न भोजन बनाने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक मामला नौगांव ब्लॉक के प्राथमिक शाला मड़रका का सामने आया है, जहां पर प्राथमिक स्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए बना किचन शेड जर्जर हालत में है। किचन शेड की दीवारों में जगह जगह से क्रेक आ गई हैं तो वहीं छत का प्लास्टर भी लगातार गिरने से सरिया बाहर निकल आए हैं, इस जर्जर शेड में भोजन पकाने में रसोइया को भी डर लगा रहता है, जिससे कभी भी किचन शेड भवन गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। किचन शेड के जर्जर होने से यह कभी भी गिर सकता है, भवन गिरने के कारण दुर्घटना हो सकती है।

दुर्घटना की आशंका के चलते भोजन बनाने वाली समूह एवं रसोइया ने इस संबंध में कई बार शिक्षकों को अवगत कराया लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। जिसके बाद बीते दिनों जनपद शिक्षा केंद्र प्रभारी बीआरसीसी अनुराग खरे ने प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीआरआरसी खरे ने रसोइया एवं शिक्षकों से बात कर उन्हें होने वाली परेशानी के बारे में जाना एवं समझा।

### इनका कहना है

शाला का निरीक्षण करने के बाद शेड निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत को भेज दिया है, जिला पंचायत से स्वीकृति मिलते ही विभाग के माध्यम से शेड का निर्माण कराया जाएगा।

**अनुराग करे,** बीआरसीसी, जनपद शिक्षा केंद्र नौगांव

# प्रत्याशी के विरोध में कई भाजपाइयों ने भोपाल में डाला डेरा, टिकट बदलने की मांग

**नौगांव, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में अभी दो महीने से अधिक का समय है,लेकिन पिछले दिनों भाजपा ने 39 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुनावी माहौल गर्म कर दिया है। जिसमें महाराजपुर विधानसभा से भाजपा ने पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा क्षेत्र में जनसंपर्क कर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, तो वहीं पार्टी के अन्य दावेदार एवं संगठन के लोग घोषित प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। प्रत्याशी का पुतला दहन एवं सोशल मीडिया में हो रहे विरोध की आग अब भोपाल तक पहुंच गई है। सूत्रों में मुताबिक पूर्व विधायक, विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल, जनप्रतिनिधि सहित संगठन से जुड़े एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने भोपाल में डेरा डालकर पार्टी फोरम पर टिकट बदलने की मांग की है।

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा छतरपुर जिले की महाराजपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बनाए गए कामाख्या प्रताप सिंह का विरोध अब जोर पकड़ गया है। महाराजपुर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी एवं दावेदार ने भोपाल में डेरा जमाया है। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा क्षेत्र के हरपालपुर, नौगांव, लुगासी एवं महाराजपुर मंडल के अलावा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सहित एक सैकड़ा से अधिक पार्टी एवं संगठन के लोगों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, हितानंद शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात कर टिकट बदले जाने की मांग की है।

**2018 के विधानसभा चुनाव में मानवेंद्र सिंह का भी हुआ था विरोध :** भाजपा से घोषित प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह के पिता मानवेंद्र सिंह को भी भाजपा ने 2018 में प्रत्याशी बनाया था। भाजपा नेताओं के इस गुट ने उस इस दौरान भी मानवेंद्र सिंह का विरोध किया था, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने मानवेंद्र सिंह का टिकट नहीं बदला था। जिसके बाद टिकट न बदले से नाराज क्षेत्र में भाजपा नेताओं ने पार्टी के खिलाफ वोटिंग कराई थी। जिसका खामियाजा भी भारतीय जनता पार्टी को उठाना पड़ा था, इसके बाद जब चुनाव परिणाम आया तो कांग्रेस के नीरज दीक्षित न भाजपा के मानवेंद्र सिंह को 14 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था।

**अमित शाह एवं राजनाथ सिंह से मिलने का मिला समय :** महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह सिंह के खिलाफ उनकी ही पार्टी के लोग मुखर हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक भोपाल में महाराजपुर विधानसभा पार्टी प्रत्याशी के विरोध में डेरा जमाए गुट के एक नेता ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के लिए समय मिला है। रक्षाबंधन के बाद सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर टिकट बदलने की बात रखेंगे।

# शिक्षकों की सुनी समस्याएं, किया निराकरण

**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार को शहर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कौटार्य द्वारा जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर लगाया गया, जिसमें जिले भर के शिक्षकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से डीईओ को अवगत कराया। शिविर में करीब 3 दर्जन आवेदन मिले जिनमें से लगभग एक दर्जन शिकायतों को त्वरित निराकरण किया गया और शेष आवेदनों का निराकरण 15 दिवस के भीतर कराने का भरोसा दिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कौटार्य ने बताया कि जिले में अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षकों की तमाम समस्याओं का निराकरण करने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया। डीईओ श्री कौटार्य के मुताबिक शिविर में कुल 36 आवेदन आए जिनमें से ज्यादातर शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची में नाम जोड़े जाने के लिए आवेदन दिए हैं। इसके अलावा जो अन्य समस्यायें सामने आईं उनमें से तकरीबन एक दर्जन शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष जो आवेदन हैं उनका 15 दिवस के भीतर निराकरण किया जाएगा। वरिष्ठता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जो आवेदन आए हैं, उनकी सूची तैयार कर जल्द ही भोपाल भेजी जाएगी। विकासखंड स्तरीय समस्याओं के निराकरण हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 55 मरीज ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना

**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार 26 अगस्त को हनुमान टोरिया सेवा समिति द्वारा हनुमान टोरिया मंदिर परिसर छतरपुर में स्व. राममिलन अग्निहोत्री की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी आरती बेटे मुकेश विजय अग्निहोत्री (पलक कलेक्शन)के सहयोग से एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ यह शिविर पर अग्निहोत्री परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया था हनुमान टौरिया सेवा समिति के गिरजा पाटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्साय चित्रकूट से आए डॉ प्रदीप मिश्रा और डॉ श्याम बाबू शुक्ला सहित 10 सदस्यीय टीम के द्वारा 400 नेत्र रोगियों का परीक्षण एवं जांच की गई जिसमें 55 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चिंहित किये गए। एवं बाकी मरीजों का इलाज कर दवा एवं चश्मा वितरित किए गए।

आज इस शिविर खास बात यह रही की इस आयोजन में सहयोग कर रहे अग्निहोत्री परिवार के सभी सदस्यों द्वारा स्वयं सपरिवार उपस्थित होकर शिविर में मरीजों के रजिस्ट्रेशन किए गये एवं असहाय जरूरतमंद मरीजों को अपने हाथों से भोजन सेवा की तथा उनको दवा,चश्मा, भी वितरित किए।

# कृषि औद्योगीकरण को बढ़ावा देने पर जोर

- बुंदेलखंड की आर्थिक स्थिति एवं नै संभावना पर हुई चर्चा

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की कुलपति प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव विजय कुमार तिर्की के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स बुंदेलखंड की आर्थिक स्थिति एवं नवीन संभावनाएं विषय पर छठवें दिन के मुख्य वक्ता डॉ विनोद कुमार सेन राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक द्वारा बुंदेलखंड में वैज्ञानिक कृषि द्वारा आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है ,विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया। उन्होंने बुंदेलखंड में सबसे बड़ी समस्या पानी की कमी को बताया, जो कृषि के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। कृषि के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ावा देना होगा। खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने की बात भी कही।आपने बुंदेलखंड में तेंदूपत्ता व्यवसाय के बारे में भी बताया। बुंदेलखंड की अर्थव्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की अर्थव्यवस्था में अगर वृद्धि करना है तो कृषि औद्योगीकरण को बढ़ावा देना होगा।

बुंदेलखंड में कृषि भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करना आवश्यक है। डा सेन ने बताया कि बुंदेलखंड की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ जेपी मिश्रा ने बुंदेलखंड में कार्यशील जनसंख्या के बारे में विचार व्यक्त किये। डॉ पी के खरे ने स्वागत वक्तव्य ,डॉ विभा वासुदेव , मंच का संचालन श्री आनंद प्रताप यादव ने आभार ज्ञापित किया।कोर्स में डॉ सी एल प्रजापति, डॉ सीताराम अहिरवार, श्री देवेश गुप्ता एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


HDFC BANK We understand your world

## एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 9, तीसरी मंजिल, स्टार प्लेनेट बिल्डिंग, एम.पी. नगर, झोन-2, भोपाल, म.प्र. पिन - 462011. मो. : 9303533469

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना।**

आम लोगों को तथा विशेष रुप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का वास्तविक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'** के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार के निम्नलिखित ऋणी (यों) एवं जमानतदार(रों) से बकाया राशि (संबद्ध कॉलम में वर्णित) की वसूली हेतु बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि संबद्ध कॉलम में नीचे वर्णित है :

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य सूचना दिनांक | संपत्ति/मकान के कुल क्षेत्रफल के बारे में विवरण | आरक्षित मूल्य / अग्रिम जमा राशि | बकाया राशि (रु.में) | निरिक्षण की तिथी | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी | ई-नीलामी की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) श्री दिनेश कुमार पिता भानुप्रकाश गुप्ता द्वारा इनके प्रोप्राईटर आशा इंटरप्राईजेस 2) श्री भानुप्रकाश गुप्ता पिता परमसुख गुप्ता ऋण खाता क्रं. 17818020000073 | 09-01-2019 / 08-04-2021 | अचल संपत्ति के समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग - सर्वे नं. 62 स्थित आवासीय संपत्ति का भाग क्षेत्रफल 0.024 हेक्टेयर निर्मित आवासीय मकान नं. 54 वार्ड नं. 14 नूतन विहार कॉलोनी, डोंगा टीकमगढ़। **संपत्ति के पंजीकृत मालिक श्री दिनेश कुमार गुप्ता पिता श्री भानु प्रकाश गुप्ता चर्तु:सीमा:** पूर्वः रोड़, पश्चिमः अन्य संपत्ति, उत्तरः रोड़, दक्षिणः अन्य संपत्ति | ₹ 15,60,000 /- / ₹ 1,56,000/ | ₹ 59,78,505/- | 07.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार | 11-09-2023 | 13-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ |
| 2. | 1. मेसर्स एमजे एसोसिएट्स इसके प्रोप्रा. श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश जीवनानी के माध्यम से, 2.श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश जीवनानी, 3. श्री महेश जीवनानी पिता श्री माधव दास जीवनानी, ऋण खाता संख्या 83730703 | 22.02.2022 / 30-12-2022 | आवासीय मकान नं.एफ-52, डुप्लेक्स हाऊस, खसरा नं. 20/1/1, ग्राम नरेला शंकरी, वार्ड नं. 65, तहसील हुजूर, भोपाल **चर्तुसीमा :** पूर्व :- 20 फीट रोड़, पश्चिम :- प्लॉट नंबर एफ-39, उत्तर :- 20 फीट रोड़, दक्षिण :- प्लॉट नंबर एफ-51 **संपत्ति के पंजीकृत मालिक: श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश कुमार जीवनानी एवं श्री महेश कुमार जीवनानी पिता श्री माधव दास जीवनानी** | ₹ 33,07,500/- / ₹ 3,30,750/- | ₹ 34,27,216/- | 08.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार | 11-09-2023 | 13-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ |
| 3. | 1) पधारो सा भोजन द्वारा एलएलपी प्राधिकृत व्यक्ति श्री विजय सोनी पिता राधारमन सोनी, श्रीमती प्रिती सोनी पति विजय सोनी 2) श्री विजय सोनी पिता राधा रमन सोनी 3) श्रीमती प्रिती सोनी पति विजय सोनी ऋण खाता क्रं. 50200002429131 | 05.08.2021 / 10.07.2023 | आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग व अंश, व्यवसायिक संपत्ति पीबी-1, तीसरी मंजिल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, होशंगाबाद रोड़, भोपाल 462001, **चर्तुसीमा :** पूर्वः छत, 197, पश्चिमः खुला, उत्तरः पीबी-1 (ए), दक्षिणः अन्य स्थान **पंजीकृत संपत्ति में उल्लेखित मालिक : श्रीमीत प्रिती सोनी पति विजय सोनी** | ₹ 1,16,94,000/- / ₹ 11,69,400/- | ₹ 1,00,89,342.01/- | 20.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार | 26-09-2023 | 28-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ |

विक्रय के नियम और शर्तो के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए एचडीएफसी बैंक प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात **https://www.hdfcbank.com/personal/resources/important-notices** देखें।

**यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत ऋणकर्ता/ गिरवीकर्ता को 15 दिनो / 30 दिनो के नोटिस के तौर पर भी मान्य होगा।**

**तारीख : 27.08.2023**
**स्थान : भोपाल**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

# साहित्य

कहानी

## एक नन्ही मुस्कान

■ गीतांजलि श्री

कपड़े बदलते हुए राजन ने रीता से कहा, जो रसोई घर में रात की खाने के तैयारी कर रही थी :

''लिफ्ट में आते समय डॉ. पमनानी को लिफ्ट से बाहर निकलते देखा, बिल्डिंग में शायद कोई बीमार है।''

रीता ने हाथ में पकड़ी हुई खाने की चीजें मेज पर रखीं और प्लेटें नेपकिन से पोंछते हुए कहा, ''रति बीमार है, आज ऑफिस भी नहीं गयी।''

खाने का पहला कौर मुँह में डालते हुए राजन के कहा : ''आज ऑफिस में मुझसे काम नहीं हो पा रहा था, ऐसा लग रहा था जैसे तबीयत ठीक नहीं है।''

रीता ने राजन की ओर जाँचती हुई दृष्टि से देखा, फिर खाना खाते हुए कहा, ''बुधवार की छुट्टी है, आप डॉक्टर से जाँच करवा लें।''

''बच्चे क्या कर रहे हैं ?

''पढ़ रहे हैं, टर्मिनल टेस्ट होने वाला है।''

दोनों चुपचाप खाना खा रहे थे। महानगर का कोलाहल धीरे-धीरे कम हो रहा था। रीता ने कहा, ''भगवान के पास न्याय नहीं है।''

राजन भीतर-ही-भीतर जैसे चौंक पड़ा। प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्नी की ओर देखने लगा।

रीता ने कहा, ''रति कितनी अच्छी स्त्री है, पर पति कैसा किस्मत में लिखा हुआ था। अच्छे-भले, खाते-पीते घर की लड़की कहाँ आ पड़ी। कहते हैं, उसका पति अब रोज पीकर आता है। पता है, तरक्की के बाद रति की तनख्वाह बढ़ गयी है ?''

राजन कोई भी उत्तर नहीं सोच सका। वह चुपचाप खाना खाता रहा। दूसरे कमरे से बेटी की पुस्तक पढ़ने की आवाज आ रही थी।

बात को आगे बढ़ाते हुए रीता ने कहा, ''रति अब अफसर बन गयी है। उसकी तनख्वाह एक हजार बढ़ गयी है।''

राजन के चेहरे पर कुछ गम्भीरता आ गयी, जैसे कोई खास खबर सुनी हो।

''बेचारी रति, सुबह को जल्दी उठकर घर का कामकाज करके बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। सबको नाश्ता देकर, दोपहर का खाना बनाकर पति को देती है और खुद लेकर दफ्तर जाती है। सारा दिन दफ्तर में काम करने के बाद, घर लौटने पर फिर काम।'' रीता के स्वर में स्त्री की पीड़ा छुपी थी।

राजन ने कोई उत्तर नहीं दिया।

राजन का मन कुछ देर तक अपने भीतर कुछ टटोलता रहा। फिर एकाएक वह चौंक पड़ा। कई दृश्य उसकी आँखों के सामने चलचित्र की तरह घूमने लगे।

रोज सुबह उठने में देर हो जाने के कारण पहला विचार जो राजन के मन में आता है, वह यह कि उसकी रोज वाली बस कहीं छूट न जाए। वह हर काम जल्दी-जल्दी करता है। बार-बार घड़ी देखता है।

जल्बाजी में नाश्ता भी पूरा नहीं करता है। कई बार पेन मेज पर छूट जाता है। बेल्ट भी लिफ्ट में उतरते-उतरते बाँधता है। रास्ते पर उसके पैर चलते नहीं, दौड़ते हैं। उसे अपनी ही फुर्ती पर आश्चर्य होता है। बस स्टॉप पर पहुँचकर रति को वहाँ लगी लाइन में खड़े देखकर उसे राहत-सी होती है। रति का कतार में होना इस बात का संकेत है कि उसकी बस अभी नहीं आयी है। वह कुछ धीमे चलने लगता है। सोचता है चिन्ता करना, अपने आप को रौंदना, उसकी आदत बन गई है। फालतू बातें और भ्रम मन में पालना उसके स्वभाव का हिस्सा बन गये हैं। वह बस के बारे में ऐसे सोचता है, जैसे वह बस स्टैंड उसकी जिन्दगी की दौड़ की मंजिल हो।

रीता ने कहा, ''राजन, भगवान ने स्त्रियों का जीवन इतना दु:खमय क्यों बनाया है ? बदलते हुए इस समय में कहा जाता है कि सब कुछ बदला है, पर स्त्री का भाग्य कहाँ बदला है ?''

राजन कुल्ला करके आ गया था। तौलिए से हाथ पोंछते हुए पूछा, ''क्या मिस्टर साजनानी बहुत ज्यादा पीने लगे हैं ?''

रीता ने कहा, ''सुना है, अब तो धन्धे पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सारा धन्धा चौपट हो गया है। अब तो पत्नी की तनख्वाह से ही घर चल रहा है।''

राजन ने सूखे स्वर में कहा, ''यह धन्धा भी तो रति के पिता ने ही शुरू करवा कर दिया था।''

रीता ने उसाँस भरते हुए कहा, ''माँ-बाप-बेटी के लिए सौ आशाएँ रखें, हजार कोशिशें करें, पर किस्मत भी साथ दे, तब न।''

राजन को दफ्तर में बिताया दिन याद आया। रीता से बोला, ''मैं आज स्वयं को थका-थका अनुभव कर रहा हूँ। ऑफिस में काम करने में मन नहीं लग रहा था।''

''सोफे पर आराम से बैठकर टी. वी. देखिए, पर आवाज कम रखिएगा। बच्चों की पढ़ाई में डिस्टर्ब होगा। मैं जरा रति को देख आऊँ।''

राजन सोफे पर बैठकर टी. वी. देखने लगा। चित्रहार चल रहा था। फिल्मी गीतों पर नायक-नायिका नाचते-कूदते चक्कर लगा रहे थे। पीछे के दृश्य बार-बार बदल रहे थे। नायिका कभी साड़ी में, कभी सरवार-कुर्ते में तो कभी जींस, टी-शर्ट में नाच रही थी। हमेशा की तरह आज भी यह कार्यक्रम राजन को बहला न सका। उसे लगा कि उसका मन उखड़ा-उखड़ा है। टी. वी. में नाचते लोग उसे मनुष्य न लगकर, बैटरी से चलने वाले प्लास्टिक के खिलौने लग रहे थे। उसने उठकर टी. वी. बन्द कर दिया।

वह सोचने लगा, 'इन्सान की जिन्दगी कितनी बेतुकी और थका देने वाली है। रोज-रोज वही काम करने पड़ते हैं, बिना किसी उद्देश्य के। जिन्दगी का जैसे कोई अर्थ नहीं रह गया है। जीना जैसे एक आदत बन गई है।' आज ऑफिस में काम करते समय, उसका शरीर और आत्मा दोनों थके हुए थे।

उसी समय रीता पास वाले घर से वापस आई, बोली, ''थोड़ी देर हो गई, टी वी. क्यों बन्द कर दिया ?''

''देखने में मजा नहीं आया।''

''आप आज कुछ थके-थके लग रहे हैं। मैं बच्चों को सुलाकर अपना बिस्तर ठीक कर आती हूँ। आप एस्प्रीन की गोली खाकर सोना, नींद आ जाएगी।'' दरवाजे के पास पहुँचकर रीता ने पति की ओर देखा और फिर बोली, ''रति को एक सौ दो बुखार था, पर बुखार में भी वह मुस्कुरा रही थी।''

**रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया।**

उसे देखकर रति के चेहरे पर एक छोटी-सी, पर अपनत्व भरी, कुछ दु:ख-भरी, कुछ सुख-भरी दूज के पतले चाँद की तरह बारीक मुस्कुराहट दिखाई देती है। राजन जानता है, यह मुस्कान उसके लिए है और उसके अपने चेहरे पर उसकी जानकारी के बिना मुस्कुराहट तैर जाती है। वह सुबह की सारी तकलीफें, सारी परेशानियाँ भूल जाता है। जब वह बस में अपनी सीट पर बैठा रहता है और बस शहर की रणभूमि की सेनाओं के बीच रास्ता बनाती, बँधी आँखों वाले घोड़े की तरह दौड़ती रहती है तब वह नन्हीं मुस्कान, गुब्बारे की तरह फूलकर उसके हृदय को अनजानी प्रसन्नता से भर देती है। उसके हृदय से प्रवाहित होने वाला रक्त, उस मुस्कान को उसके सारे शरीर में फैला देता है। वह भूल जाता है कि रति भी इसी बस में कहीं बैठी है। सिर्फ वह मुस्कान उसके साथ होती है और उसके शरीर में टॉनिक की तरह ताकत और ताजगी का संचार करती रहती है।

उसने और रति ने आपस में कभी बात नहीं की है। उन्हें इतना पता है कि वे पड़ोसी हैं, एक-दूसरे के पास रहते हैं। उनकी आत्माएँ एक-दूसरे के इर्द-गिर्द फड़फड़ाती रहती हैं। राजन को लगता है, वह मृत नहीं है। बस में बैठे और मनुष्य भी निर्जीव नहीं हैं। रास्ते के दोनों ओर बनी इमारतें महज दीवारें नहीं हैं। उनके भीतर धड़कते हृदय है। शायद रति की यह नन्ही मुस्कान, उसके निरर्थक जीवन को थोड़ी देर के लिए अर्थवान बना देती है। बड़े शहरों में बस की यात्रा प्राय: लम्बी होती है। कभी-कभी लगता है कि यह .यात्रा पूरी नहीं होगी, पर हरेक बस किसी मुकाम पर आकर रुक जाती है। सारे यात्री वहाँ उतरते हैं। बस खाली खोका बन जाती है। राजन का दफ्तर आखिरी स्टॉप के पास में है और रति का कुछ और दूर। दोनों बस के आखिरी स्टॉप पर उतरते हैं और लोगों की भीड़ में खो जाते हैं। खो जाने के पहले राजन की निगाहें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं। अनजाने में ही उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। प्रत्युत्तर में रति के चेहरे पर भी एक नन्हीं से मुस्कुराहट तैर आती है। यह सब राजन की आदत-सी बन गई है। उसे लगता है कि जब उसका आँखें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं, तब रति भी शायद उसकी निगाहों की प्रतीक्षा में होती है। शायद उसकी मुस्कुराहट न पाकर वह कुछ खो जाने जैसा अनुभव करती है।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया। मौका मिलने पर भी हम दोनों बस में कभी पास नहीं बैठे हैं। हम दोनों एक-दूसरे के इतना पास या दूर हैं, जितने दो तारे। राजन ने स्वयं से पूछा, 'क्या यह सत्य हो सकता है कि वह मुस्कुराहट मुझे सारे दिन ताजगी देती है ? सारा दिन मेरे चारों ओर उसका असर बना रहता है ?'

उसी समय रीता कमरे में आयी। बोली, ''मैंने बिस्तर बिछा दिया है।'' दोनों सोने के कमरे में आये। राजन ने रोज की तरह पलंग पर बैठते ही टेबल-लैम्प नहीं जलाया।

रीता ने आश्चर्य से पूछा = ''क्या, आज किताब नहीं पढ़ेंगे ?'' राजन की आदत थी कि सोने से पहले वह कुछ देर तक कोई किताब या पत्रिका पढ़ता था।

'नहीं।' उसने कहा और तकिए पर सिर रख लेट गया।

बत्ती बुझाकर रीता, राजन के पास लेट गयी। बोली, ''रति को डॉक्टर कह गया है कि उसे हफ्ते भर तक आफिस नहीं जाना चाहिए।''

राजन अँधेरे में छत की ओर देखते हुए सोचने लगा कि इस सप्ताह रति की मुस्कुराट पाए बिना, उससे ऑफिस में काम कैसे होगा?

## राखी

■ नज़ीर अकबराबादी

चली आती है अब तो हर
कहीं बाज़ार की राखी
सुनहरी सब्ज़ रेशम ज़र्द और गुलनार की राखी

बनी है गो कि नादिर खूब हर सरदार की राखी
सलोनों में अजब रंगीं है उस दिलदार की राखी

न पहुँचे एक गुल को यार जिस गुलज़ार की राखी
अयाँ है अब तो राखी भी चमन भी गुल भी शबनम भी

उठाना हाथ प्यारे वाह-वा टुक देख लें हम भी
तुम्हारी मोतियों की और ज़री के तार की राखी

कहाँ नाज़ुक ये पहुँचे और कहाँ ये रंग मिलते हैं
चमन में शाख़ पर कब इस तरह के फूल खिलते हैं

जो कुछ खूबी में है उस शोख़-ए-गुल-रुख़सार की राखी
फिरें हैं राखियाँ बाँधे जो हर दम हुस्न के तारे

तो उन की राखियों को देख ऐ जाँ चाव के मारे
पहन ज़ुन्नार और क़श्क़ा लगा माथे उपर बारे

'नज़ीर' आया है बाम्हन बन के राखी बाँधने प्यारे
बँधा लो उस से तुम हँस कर अब इस त्यौहार की राखी

लघुकथा ■ प्रभा दीक्षित

## वर्तमान काल-कथा

वह गांव से भाग कर शहर आया है ताकि कुछ मेहनत मजदूरी कर के अपने आपको एवं परिवार को जीवित रख सके। एक सप्ताह भटकने के बाद भी उसे काम नहीं मिला। भूख के कारण उसे दिन में तारे दिखाई दे रहे हैं। वह भीख मांगने की सोच रहा है, मगर भीख मांगने की आदत नहीं है। तभी उसने देखा शहर की चालू सड़क पर एक मंदिर बना है जहां भिखारियों की भीड़ है। उसने सोचा यहां अवश्य कुछ खाने को मिलता होगा। वह भीड़ से कुछ अलग भीड़ में शामिल हो गया है। तभी एक भक्त पाव भर मिठाई के साथ मंदिर के बाहर आते हैं। भिखारियों की भीड़ उन्हें घेरे हैं। वह एक छोटा पेड़ा सबको देते हुए आगे बढ़ते हैं और उस गंवई युवक से कहते हैं 'लो भाई प्रसाद लो।' वह अंजुरी बांधकर दोनों हाथ फैला देता है। एक दस ग्राम का पेड़ा उसके हाथ में है, वह खाने जा रहा था तभी बगल में एक भिखारी बालक गिड़गिड़ा कर कहता है- ''मुझे भूख लगी है।'' युवक के सामने गांव में छोड़ा हुआ उसका बच्चा साकार हो उठता है। वह उसे पेड़ा देकर आगे बढ़ जाता है और एक पार्क में जाकर ढ़ह जाता है।

सुबह के अखबाार में एक छोटी सी खबर है पार्क में लावारिस युवक की लाश पाई गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार-भूख, प्यास के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

# बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा'

समीक्षक : अरविन्द श्रीवास्तव

नागार्जुन अपनी कविता 'सिके हुए दो भुट्टे' में लिखते हैं- 'सिके हुए दो भुट्टे सामने आए तबीयत खिल गई, दाँतों की मौजूदगी का सुफल मिला तबीयत खिल गई' .. नागार्जुन की इस कविता का नायक- अखिलेश ने अपनी मेहनत से जिन पौधों को उगाया था, वार्ड नंबर दस के पीछे जेल की क्यारियों में। ढाई महीने पहले की अखिलेश की खेती इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख। बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं। सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं डिस्ट्रिक्ट जेल की चाहरदीवारियों के अंदर नागार्जुन की इन पंक्तियों में जो वेदना छिपी है, वह वर्तमान व्यवस्था को बड़ी मुलायमियत से बेनकाब करती है। यह महज संयोग है कि किसानी संस्कृति पर अपनी बेबाक लेखन के लिए चर्चा में आये कवि लक्ष्मीकांत मुकुल द्वारा नव सृजित संग्रह 'घिस रहा है धान का कटोरा' वर्तमान हालात से दो-दो हाथ करने को उतारू हैं । संग्रह में समाहित कुल पचहत्तर कविताएं समय की कुव्यवस्था को न केवल आईना दिखलाती हैं, बल्कि बहुत कुछ सोचने को विवश भी करती हैं। ठेठ देशज व आंचलिक अंदाज की ये कविताएं बगैर किसी लाग-लपेट के पाठकों के जेहन को एक नए अहसास का आस्वादन कराती हैं। संग्रह में कृषि कर्म, ग्रामीण संस्कृति, हमारी परंपरा और पर्यावरण की चिंता इनकी कविताओं के केंद्र बिंदु रहे हैं, बहरहाल इनकी लेखनी की जद में अनेक ऐसे अछूते विषय भी हैं, जहां एक सधा हुए कवि ही पहुंच सकता है । विकासवाद के अंधी दौड़ में भागती दुनिया में जो पीछे छूट रहा है, उसकी नोटिस कवि बेहद मार्मिकता से करता हैं, जैसे- भलुआहीं मोड़ की फुलेसरी देवी के मन में/ बसी है छोटी लाइन/ वह बालविवाहिता दहेज दानवों से उत्पीड़ित/ खूंटा तोड़कर भागी थी घर से/ इसी रेलगाड़ी पर किसी ने दी थी उसे पनाह।

कवि का मुख्य फोकस कृषि कर्म से जुड़े धरती पुत्र श्रमिकों पर रहा है, उनकी दशा का चित्रण बड़े ही सटीक ढंग से करते हुए वह कहता है - कौन है वह शातिर चेहरा/ जो छीन रहा है जनता से/ कृषि योग्य भूमि का अधिकार/ सेज, हाइवे, बांधों रेलखंडों के नाम/ कौन बुला रहा है विदेशी कम्पनियों को/ कारपोरेट खेती करने, एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयां बनाने के लिए/ हमारी छाती पर मूंग दलते हुए/ हाईब्रिड बीजों, केमिकल खादों, जहरीली दवाओं/ महँगे यंत्रों से कौन चीरहरण करना चाहता है, हमारी उर्वरता का ?कवि का मानना है कि बाजार व्यवस्था की पीठ पर पलथी मारे बैठे हैं जल्लाद, नए अवतार में नई चालबाजियां चलते हुए, हमारा ध्यान भटकते हुए नित्य नई

युक्तियों से !

कवि लक्ष्मीकांत मुकुल शांत सहज प्रकृति के कवि हैं, उनकी चिंतन का दायरा समस्त ब्रह्मांड है, स्वभाविक है, पर्यावरण के प्रति उनका नजरिया भी संवेदनशील होगा, 'यह कैसा समय है' शीर्षक कविता में वे कहते हैं- यह कैसा समय है, जब कजरारी घटाएं भूल जाती हैं बरसने की जिम्मेदारी, वनस्पतियां भूल जाती है समयानुसार फूलना-फलना, मौसम बदल रहा है, ऋतु-चक्र का प्रत्यावर्तन, मौसमी हवाएं पल बदलकर, पश्चिमी विक्षोभ में हो रही है शामिल !

कवि ने अभी बीते कोरोना काल के दंश को देखा और भोगा है, जिसके ताण्डव से पूरी दुनिया कांप गयी थी, कवि मानता है कि - गहरी साजिशों के तहत/ वे शैतान उत्पन्न कर रहे हैं मनुष्यता के विरुद्ध जैविक औजार/ जिनके पास गुण नहीं होते, बांझ पपीते में लाने को फल/ जिनके जनमाये रोबोट नहीं बना सकते, मधुमक्खियों जैसे शहद बूंद/ उनके बनाए हाइड्रोजन बमों से बंजर हो चुकी मरुभूमियों पर, नहीं बरसाई जा सकती झमाझम बारिश, जिससे गदाराकर उभर आती, गर्भवती स्त्री सदृश्य इस धरती की काया ! सच में कोरोना काल की भयावहता के लिए शब्द तामिर नहीं हो सकते, कवि अपनी सौभाविक मुलायमियत का परिचय देते हुए कहता है कि कोरोना जैसे दानव-दूतों के आगमन से रोकी जा रही है मिलने-जुलने की संभावनाएं, स्वजनों को छूने-चूमने पर लग गया है कर्फ़्यू !

समकालीन कविता में प्रेम और युद्ध की चर्चा वैश्विक स्तर पर होते रही है, जैसे इसके बगैर कोई संग्रह मुकम्मल नहीं हो सकता । 'घिस रहा है धान का कटोरा' में कवि ने इन विषयों पर गंभीरता से विमर्श किया है 'युद्ध' कविता की बानगी दीगर है- युद्ध की भाषा उन्मादी होती है, जिसमें शामिल होते हैं विध्वंसक तत्व, इमारतों को नष्ट करने, खड़ी फसलों को खाक में मिलाने के लिए, दूधमुहें बच्चों को माँ की आँचल से दूर करने की साज़िश, चरवाहों को उनके पशुओं, किसानों को उनके खेतों से, बेदखल करने की सनक.. तानाशाह का दर्प अट्टहास करता है, युद्ध की भाषा की शैली में, दूसरों से छीन लेने की आजादी.., युद्ध थोपने वाला चाहता है, कि वह छीन ले मासूम बच्चों की हंसी, कामगारों के हाथों से कुदाल, नौजवानों के पास से सपनें, बूढ़ों के सहारे की छड़ी..!

इस संग्रह में कवि ने प्रेम के लिए पर्याप्त स्पेस बचाए रखा है, कवि जानता है कि प्रेम से ही इस धरा पर सुख, शांति और संपन्नता का बीजारोपण हो सकता है और नकारात्मकता को खदेड़ा जा सकता है। प्रेम के अपने अहसास को कवि शब्दों में व्यक्त करते हुए लिखता है कि- मदार के उजले फूलों की तरह, तुम आयी हो कूड़ेदान भरे मेरे इस जीवन में, तितलियों, भौरों जैसा उमड़ता, सूंघता रहता हूँ तुम्हारी त्वचा से उठती गंध, तुम्हारे स्पर्श से उभरती चाहतों की कोमलता, तुम्हारी पनीली आंखों में छाया पोखरे का फैलाव..!

कवि ने अपने कविता कर्म में तनिक भी कोताही नहीं की है। कवि की सक्रियता देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके लेखन से भी की जा सकती है, अनेक भाषाओं में अनुदित इनकी कविताएं बिहार के बक्सर जनपद से उठकर विश्व पटल पर अपनी खुशबू बिखेर रही है ! कवि के लिए साधुवाद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करता हूँ ।

**पुस्तक : घिस रहा है धान का कटोरा (कविता संग्रह)**
**लेखक : लक्ष्मीकांत मुकुल**
**प्रकाशन : सृजनलोक प्रकाशन, बी-1,दुग्गल कॉलनी, खानपुर, नई दिल्ली- 110062.**
**मूल्य: 299 ?**

### कलेक्टर तथा खनिज मंत्री से फिर लगाई ग्राम वासियों ने गुहार

# दबंग ने तार बारी लगाकर सार्वजनिक आम रास्ता किया बंद

- चौकनपुरवा ग्राम के लोग परेशान, दो वर्ष से प्रशासन रास्ता दिलाने में असफल

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ तहसील अन्तर्गत धरमपुर ग्राम पंचायत के चौकनपुरवा ग्राम के दो सैकडा से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए रास्ता खुलवाने का अनुरोध किया है। लेकिन कलेक्टर द्वारा संबंधितो को कोई ठोस आस्वासन नही दिया है।

चौकनपुरवा ग्राम के ग्रामीण दो वर्ष से आने जाने की रास्ता के लिए परेशान है। ग्राम के बच्चे स्कूल नही जा पा रहे है तथा आम लोगो का आवागमन पूरी तरह से बंद है। विगत एक माह पूर्व स्थानीय लोगो ने प्रशासन से रास्ता के संबंध में आवेदन देकर अनुरोध किया था उस समय एसडीएम तथा तहसीलदार द्वारा किसी तरह रास्ता खुलवाया गया था। लेकिन दंबग द्वारा फिर से तारबाडी लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। ग्राम के दौ सौ से अधिक लोगो ने क्षेत्रीय विधायक तथा खनिज मंत्री से भी रास्ता दिलाने के संबंध में आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक उक्त समस्या का निराकरण नही हुआ है। जबकी पूर्व में तत्कालीन सरपंच द्वारा ग्राम धरमपुर से चौकनपुरवा तक जीएसबी सडक भी बनवाई गई थी। उक्त सडक पर ही संबंधित द्वारा तारवाडी लगा दी गई है। जिससे लोगो को आने जाने का रास्ता बंद हो जाने से सारी व्यवस्थाए बंद हो गई है। लोग बीमार होते है तो उन्हे गांव से निकलने एवं अन्य कार्य के लिए बाहर जाना बडा मुश्किल हो रहा है।

#### इनका कहना है

मामला हमारे संज्ञान में है पूर्व में प्रशासन के माध्यम से उक्त रास्ता का कब्जा हटाया गया था लेकिन बताया जाता है कि संबंधित द्वारा न्यायालय से स्थिग्न आदेश प्राप्त कर लिया है और तारबाडी लगा दी गई है हमारे द्वारा कलेक्टर तथा स्थानीय अधिकारियों से समस्या का निराकरण कराने को कहा गया है जल्द ही ग्रामीणो के समस्या का निपटारा किया जायेगा।

**बृजेंद्र प्रताप सिंह** खनिज, श्रम मंत्री मप्र शासन

### उत्तर वन मंडल के अधिकारियों का बडा कारनामा

# न्यायालय में चल रहा था मामला, उसके पूर्व ही नीलाम कर दिया ट्रैक्टर

**पन्ना, देशबन्धु।** उत्तर वनमंडल पन्ना के अधिकारियों का एक बडा कारनामा प्रकाश मे आया है जिसमें एक ट्रैक्टर वन विभाग के अधिकारियो द्वारा वर्ष 2016 में वन विभाग की सीमा से पकडा गया था। उक्त ट्रैक्टर को विश्रामगंज रेंज रेंजर द्वारा राजसात का प्रकरण बनाकर डिपो में रखा गया था। जिसका मामला न्यायालय मे चल रहा था लेकिन न्यायालय से मामले का निराकरण होने के पूर्व ही तत्कालीन वनमडला अधिकारी द्वारा पांच लाख का ट्रैक्टर साठ हजार में नीलाम कर दिया गया तथा अब न्यायालय द्वारा आवेदक के पक्ष में फैसला देते हुए ट्रैक्टर, ट्रैक्टर मालिक को सुपुर्द करने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन ट्रैक्टर नीलाम हो जाने के चलते ट्रैक्टर मालिक अपना ट्रैक्टर पाने के लिए वन विभाग कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। विवरण के अनुसार 26 सितम्बर 2016 को उत्तर वन मंडल अन्तर्गत विश्रामगंज रेंज के बंगला बीट के कक्ष क्रमांक पी 364 में लाल रंग का महेन्द्रा ट्रैक्टर एमपी 35 एम 3807 जुताई करते हुए मय कल्टेवेटर के जप्त किया गया था। उक्त आरोप में ट्रैक्टर चालक बुद्ध बिलास अहिरवार के विरूद्ध पीओआर नम्बर 734/24 दिनांक 26 सितम्बर 2016 कायम किया गया था तथा प्राधिकृत अधिकारी उपमंडलाधिकारी विश्रामगंज के आदेश क्रमांक 2017/13 दिनांक 16 नवम्बर 2017 से जप्त वाहन ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर के शासन के पक्ष में राजसात किया गया था तथा अपीलीय अधिकारी वन संरक्षक छतरपुर द्वारा वाहन मालिक की अपील पर आदेश क्रमांक 14 दिनांक 31 मार्च 2022 से अपीलार्थी द्वारा की गई अपील को आधारहीन मानते हुए प्राधिकृत अधिकारी उपमंडला अधिकारी विश्रामगंज का आदेश प्रभावशील रखा गया। अपीलार्थी द्वारा उक्त वाहन के संबंध मे पारित आदेशो के विरूद्ध निगरानी प्रकरण सीपीआर 87/22 षस्टम अपर सत्र न्यायधीश छतरपुर की न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। जिसका निर्णय दिनांक 18 मई 2023 को न्यायालय द्वारा जप्तशुदा ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर के वाहन मालिक चन्दा देवी मिश्रा पत्नी जानकी प्रसाद निवासी बृजपुर को सुपुर्दगी देने का निर्णय पारित किया गया। अत: न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन मालिक को पांच लाख का सुपुर्द नामा प्रस्तुत कर कार्यालय से जप्त वाहन प्रदाय करने का आदेश पारित किया गया। लेकिन जब वाहन मालिक ट्रैक्टर लेने वन विभाग के कार्यालय पंहुचे तो बताया गया कि उक्त ट्रैक्टर पूर्व में ही 22 मार्च 2022 को प्रीतम सिंह यादव पिता नन्हाई यादव निवासी बहेरा को साठ हजार एक सौ अस्सी रूपये में नीलाम कर दिया गया है। उक्त नीलामी का कार्य तत्कालीन वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा के द्वारा किया गया था। पांच लाख का ट्रैक्टर साठ हजार मे नीलाम कर देने से वन विभाग के अधिकारियो पर भ्रष्टाचार के प्रश्न चिन्ह खडे हो रहें है। आवेदक ने संबंधितो के खिलाफ कडी कार्यवाही करने की मांग करते हुए न्यायालय के निर्देशानुसार ट्रैक्टर दिलाये जाने की मांग की है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी 9 सितम्बर को जिला एवं तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधौ की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में आज बीमा कम्पनी के अधिकारियों व अभिभाषकों के साथ प्री.सिटिंग बैठक की गई। बैठक में लोक अदालत में रखे गए सभी राजीनामा योग्य क्लेम प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के लिए विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के सिविल अपील क्रमांक 9322/2022 गोहर मोहम्मद विरूद्ध उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट के पालन में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के स्टेक होल्डर के साथ विस्तृत चर्चा कर उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। प्री.सिटिंग बैठक में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, बीमा कम्पनी के अभिभाषक किशोर श्रीवास्तव एवं एमएल अवस्थी, आवेदकों के अभिभाषक नरेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, पवन शुक्ला, रत्नेश खरे, करण सिंह, शालिगराम तिवारी, असलम खान, जीएस शुक्ला, रोशन तिवारी, राजेश तिवारी और अन्य अभिभाषक भी उपस्थित रहे।

## खनिज साधन मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज दोपहर 12 बजे पॉलीटेक्निक फील्ड पन्ना में संभागीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इसके पहले सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह दोपहर 2.30 बजे पन्ना तहसील के अहिरगवां कैम्प, 3.25 बजे किटहा में सारंग-किटहा सड़क, 4.45 बजे कुंवरपुर में भमका-चैन सिंह और भमका-कुंवरपुर सड़क का भूमिपूजन कर शाम 5.50 बजे लुहरहाई के स्थानीय कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं हितग्राही बहनों के साथ वृहद महिला सम्मेलन आज

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आज दोपहर एक बजे भोपाल के जम्बूरी मैदान में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों के साथ वृहद महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी ग्राम एवं नगरीय निकाय वार्ड में गठित लाड़ली बहना सेना के सदस्यों तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभांवित हितग्राही महिलाओं को उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित जनों को दिए गए हैं। राज्य स्तर से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम के प्रत्येक ग्राम व ग्राम पंचायत कार्यालय एवं नगरीय निकाय वार्ड में बड़ी स्क्रीन पर सीधे प्रसारण को दिखाये जाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# नगर परिषद देवेंद्र नगर में एक वर्ष में हुआ करोडों का फर्जीवाडा

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की नगर परिषद देवेंद्रनगर में एक वर्ष के अंतराल में भारी घोटाला तथा फर्जीवाडा किया गया है। जिसकी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत आवेदक द्वारा ली गई थी। उसमें व्यापक स्तर पर सामग्री खरीदी सहित अन्य निर्माण कार्यो में भारी फर्जीवाडा किया गया है। नगर परिषद देवेन्द्रनगर की अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता के पति ललित गुप्ता द्वारा विभिन्न कार्यो में जमकर फर्जीवाडा किया गया है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक आइटम जो जेम पोर्टल से खरीदने के शासन के नियम है लेकिन इनके द्वारा जेम पोर्टल से न खरीदकर मनमाने ढंग से स्थानीय बजार से खरीदकर तीन गुने दामो का भुगतान किया गया है। इसके अलावा रेलिंग पुतवाई का कार्य कराया गया। जिसमें 8 लाख रूपये मे पुताई कराने के बिल बाउचर लगाये गयें है। लेपटाप जो खरीदा गया वह कार्यालय मे न रखकर अध्यक्ष के घर में रखा गया है। इसके साथ ही नगर में निर्माण कार्यो मे भी व्यापक स्तर पर फर्जीवाडा किया गया है। यह भी सामने आया है कि सारे कार्य अध्यक्ष के पति ही संचालित कर रहे है, जबकी शासन के स्पष्ट आदेश है कि यदि महिला जनप्रतिनिधि है तो उसी के द्वारा कार्य किया जायेगा, उनके पति द्वारा नही। लेकिन नगर परिषद देवेन्द्रनगर में नगर परिषद का सारा संचालन अध्यक्ष पति के माध्यम से ही कराया जा रहा है। अध्यक्ष पति की उक्त कार्यप्राणाली से नगर परिषद के कर्मचारी भी भारी परेशान है। यह भी मामला सामने आया है कि नगर परिषद की राशि से अध्यक्ष पति द्वारा अपने घर में बोर कराया गया है। जबकी उसकी राशि नगर परिषद से भुगतान की गई है। इसके साथ ही शासन द्वारा नगर परिषद देवेंद्र नगर में कायाकल्प अभियान अंतर्गत प्राप्त हुई राशि से जीर्ण सड़को की मरम्मद कराई जानी थी, जिसके लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। लेकिन उक्त राशि मनमाने ढंग से नगर के अन्दर खर्च न करके मुख्य मार्ग सलेहा रोड पर करके लीपा पोती कर दी गई। जिससे उक्त सडक के बनते ही परखच्चे उड गयें है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुए कहा है कि यदि एक वर्ष के कार्यकाल की जांच करा ली जाये तो नगर परिषद देवेन्द्र नगर में बहुत बडा घोटाला उजागर हो सकता है।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस में आज से लगेंगे 2 अतिरिक्त कोच

**भोपाल, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा राखी पर्व के अवसर पर यात्रियों की संख्या एवं प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए रानी कमलापति-अधारताल- इंटरसिटी एक्सप्रेस में द्वितीय श्रेणी के दो अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया गया है । यह अतिरिक्त कोच रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में दिनांक 26, 27 एवं 28 अगस्त को दोनों दिशाओं में प्रारंभिक स्टेशन से लगाए जाएंगे। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। ताकि यात्रियों को असुविधा ना हो।

# मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित हुए खेल

**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस का आयोजन 25 और 26 अगस्त को किया गया। जिसमें टेबिल-टेनिस, खो-खो, शतरंज, रस्साकशी और दौड़ खेलों का आयोजन छात्रों और छात्राओं की पृथक पृथक टीम बनाकर किया गया। आयोजन का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह गौतम, चैयरमेन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी और कुलसचिव विजय सिंह के द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कुलाधिपति ने अपने वक्तव्य में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा मानसिक विकास को गति प्रदान करती है ठीक वैसे ही खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास में गति प्रदान करता है। जैसा कि अरस्तू ने कहा है कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है। कुलाधिपति खेल शिक्षा पाठ्यक्रम के साथ छात्र जीवन का विशेष अंग है। विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का भी विशेष महत्व है।

चैयरमेन पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने बताया कि मेजर ध्यानचंद्र देश के एक ऐसे खिलाडी थे जिन्होंने अपनी खेल प्रतिभा से पूरे विश्व में तिरंगे का मान बढ़ाया। देश के प्रधानमंत्री ने खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर रखकर उनका सम्मान बढ़ाया है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र ने हॉकी के माध्यम से भारत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित किया।

खो खो प्रतियोगिता महारानी लक्ष्मीबाई टीम और दुर्गावती टीम के मध्य हुई जिसमें महारानी लक्ष्मी बाई टीम विजयी रही। शतरंज प्रतियोगिता पुरूष वर्ग विश्वनाथ आनंद टीम और कोनेरा हनफी टीम के मध्य हुई। जिसमें विश्वनाथ आनंद टीम विजयी रही, महिला वर्ग में सरदार पटेल टीम विजयी रही। रस्साकशी महिला वर्ग प्रतियोगिता में सरोजनी नायडू टीम ने सावित्रीबाई फुले टीम को हराया और पुरूष वर्ग की रस्सा कशी प्रतियोगिता में अभिनवविंद्रा टीम को राजवर्धन राठौर टीम ने हराया। पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में टीम मिल्खा और महिला वर्ग में पीटी ऊषा विजयी रही। टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में लाला लाजपतराय टीम और महिला वर्ग में अहिल्याबाई टीम विजयी रही।


## क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दीनदयाल नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सागर (म. प्र.)

### लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्र. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम- सकेरा भाटा, सुनरई भाटा, पपावनी खास तह. पृथ्वीपुर जिला-निवाड़ी में निम्नानुसार स्टील प्लांट परियोजना की लोक सुनवाई प्रस्तावित है:-

**Proposed Greenfield Steel Plant Project to Produce Pellets- 1.00 Million TPA, DRI- 0.4 Million TPA, MS Billets- 0.42 Million TPA and 0.4 Million TPA TMT Rebars with Iron Ore Benefication Plant of Capacity 2.65 Million TPA & Captive Power Generation of 28 MW through WHRB and 15 MW through AFBC at Vill- Sakera Bhata, Sunrai Bhata, Papawani Khas, Tehsil - Prithvipur, Distt- Niwadi (M.P.) by M/s Pacific Metasteel Pvt. Ltd.**

उक्त परियोजना प्रस्तावक द्वारा **GOI Ministry of Environment, Forest and Climate Change, (MoEF) New Delhi** से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वायरमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार ( हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन सामान्य के अवलोकनार्थ सरपंच, ग्राम पंचायत सकेरा भाटा, सरपंच ग्राम पंचायत सुनरई भाटा, सरपंच ग्राम पंचायत पपावनी खास, तह पृथ्वीपुर जिला-निवाड़ी, कलेक्टर कार्यालय निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय निवाड़ी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र निवाड़ी, क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय कार्या. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल, तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित स्टील प्लांट परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर **क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीन दयाल नगर, सागर (म.प्र.)** में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त परियोजना के संबंध में कार्यालय कलेक्टर निवाड़ी द्वारा पत्र क्र. 5081 /खनिज/कले.-नि.-/2023 निवाड़ी **दि. 25.08.2023** के माध्यम से निर्धारित तिथि अनुसार लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 29.09.2023 दिन- शुक्रवार समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपर कलेक्टर जिला-निवाड़ी की अध्यक्षता में शासकीय माध्यमिक शाला परिसर पपावनी खास तह. पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित/मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**


# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में अभिमन्यु कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 24/08/2023 को मैं हूं अभिमन्यु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस मुख्यालय के ऑपरेशन स्वयंसिद्धा के अंतर्गत विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को आत्म सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरे सिखाए गये। ऑपरेशन एहसास के अंतर्गत महिलाओं पर घटित अपराधों, गुड टच- बैड टच के संबंध में छात्राओं को भी जागरूक करते हुए महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन की भी जानकारी दी। अभिमन्यु अभियान अंतर्गत उपस्थित सभी महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों से दूर हटने हेतु जागरूक किया गया एवं साइबर जागरूकता अभियान अंतर्गत महिलाओं पर घटित होने वाले साइबर अपराधों जैसे साइबर बुलिंग, साइबर फिशिंग, मनी फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग जैसे इत्यादि साइबर अपराधों से बचाव हेतु भी जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में महिलाओं को जागरूक करने हेतु थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक अंजली उदैनिया, उपनिरीक्षक तबस्सुम खान (महिला सुरक्षा शाखा), एवं स्पीकर संदीप विश्वकर्मा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसाचिव विजय सिंह तथा उपकुलसचिव डॉ.मेघना मिश्रा द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का शॉल एवं श्री फल भेंट कर स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अधिकारी, प्रिंसी पाठक, प्रतीक्षा तिवारी एवम सुदर्शन बबेले कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

उपकुलपति महोदय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसे जागरूकता पूर्ण कार्यक्रम अति आवश्यक है जो विद्यार्थियों को समाज की भ्रामक परिस्थितयों से अवगत कराते हैं। कुलसचिव महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के सभी संबंधित अधिकारी बधाई के पात्र हैं जो समय समय पर ऐसे सामाजिक एवं अन्य रोजगारपरक कार्यक्रम सम्पन्न कराते रहते है। उपकुलसचिव महोदय ने छात्र-छात्राओं को ऐसे कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक गण और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद बल्देवगढ़ टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ (म. प्र. )

क्रमांक / 2435 / न.परि. / निर्माण / 2023 बल्देवगढ, दिनांक 21.08.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_300755_1 23.08.2023 | वार्ड न. 01 एवं 03 में कल्लू रैकवार के मकान से गोला रैकवार एवं जगदीश मिश्रा के मकान से गोपाल मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण का कार्य। | 08 माह 244005/- | 2000 | 6248 | 11.09.2023 सायं 05.30 बजे तक |
| 2 | 2023_UAD_300759_1 23.08 2023 | वार्ड न. 04 मे फननू रैकवार के मकान से राधे रैकवार के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 08 माह 405856/- | 2000 | 4056 | |
| 3 | 2023_UAD_300700_1 23.08 2023 | वार्ड नं. 12 एवं 13 में मैन रोड से दरोगा चौरसिया के मकान तक सी.सी रोड का निर्माण कार्य । | 08 माह 735081/- | 2000 | 7350 | |
| 4 | 2023_UAD_300761_1 23.08.2023 | वार्ड नं. 14 एवं 15 मे गणेश जी मंदिर पंकज पुल के पास से हनुमान मंदिर तक सी.सी रोड का निर्माण कार्य । | 08 माह 973756/- | 2000 | 9737 | |
| 5 | 2023_UAD_300762_1 23.08.2023 | वार्ड 12. 13 एवं 09 मे पप्पू गुप्ता के मकान से शिवकांत भार्गव के घर होते हुए नारायणदास सोनी के मकान तक सी.सी.रोड एवं डब्लू.वी.एम मार्ग का निर्माण कार्य, जमुनिया मेन रोड से मुक्तिधाम तक मुरुम का कार्य। | 08 माह 724320/- | 2000 | 7243 | |
| 6 | 2023_UAD_300763_1 23.08.2023 | वार्ड न. 15 मे बस स्टैण्ड के पास स्मार्ट फिश पार्लर। | 08 माह 431305/- | 2000 | 4310 | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बल्देवगढ़, जिला टीकमगढ़ ( म.प्र. )**

ऐलिम्को जबलपुर द्वारा पूर्व से चयनित 119 दिव्यांगजनों मोटराईज्ड ट्राई साईकिल वितरित

# दिव्यांगजनों में आया स्वाबलंबन तथा आत्मनिर्भरता का भाव: डॉ. कुमार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आज ऐलिम्को जबलपुर द्वारा पूर्व से चयनित जिले के 119 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राई साईकिलों का वितरण किया गया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने अतिथियों के साथ सर्वप्रथम दीपप्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि गोस्वामी, अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अवधेश शर्मा, एसपी रोहित काशवानी सहित संबंधित अधिकारीगण तथा हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया जा रहा है, जिससे उनमें स्वाबलंबन तथा आत्मनिर्भरता का भाव आने लगा है, अब दिव्यांगजन स्वयं सक्षम होकर अपना रोजगार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार दिव्यांगजनों के हितार्थ अनेक कार्य कर रही है, जिससे पात्र दिव्यांग हितग्राहियों को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कार्यक्रम में एक साथ मोटराईज्ड ट्राई साईकिलों के साथ सहायक उपकरण भी वितरित किये जाते थे लेकिन अब अलग'-अलग कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा, जिससे उन्हें परेषानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा इसके साथ ही दिव्यांगजनों को जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इस दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण आरके पस्तोर ने स्वागत उद्बोधन में जिले में दिव्यांगजनों के लिये किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले में दिव्यांगजनों की संख्या 14393 है, जिनमें से 14185 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड तैयार कराये गये हैं। जिले में 425 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राई साईकिल वितरित की गई हैं। इसके साथ ही अन्य सहायक उपकरण जैसे वैशाखी, कान की मशीन सहित आदि का भी वितरण किया जा रहा है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण देने में जिले में सेचुरेशन की स्थिति बनाई गई है। साथ ही जिले में 13894 दिव्यांगनों को दिव्यांग पेंषनधारी को पेंशन प्रदाय की जा रही हैं।

कृषि महाविद्यालय में भाजपा युवा मोर्चा का नव मतदाता युवा सम्मेलन संपन्न

# युवाओं का हर एक वोट तय करेगा देश का भविष्य: यादव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय एग्रीकल्चर कॉलेज में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव की अध्यक्षता में नव मतदाता युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रवास पर आए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निषाद, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, विधायक राकेश गिरी, भाजपा महामंत्री अश्वनी चढार, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, वरिष्ठ भाजपाई विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, प्रतेंद्र सिंधई, विकास यादव, नरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने युवाओं के लिए अनेक महत्त्वाकांक्षी योजनाएं लाकर युवाओं की भविष्य के लिए महती भूमिका निभाई है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हुआ है। सीखों कमाओ योजना के जरिए आज प्रदेश के लाखों करोड़ों छात्रों का भविष्य के लिए स्वर्णिम कदम उठाया गया है, जिससे उन्हें ट्रेनिंग के साथ-साथ हर माह राशि भी शासन द्वारा प्रदान की जाएगी। आपका हर एक वोट मायने रखता है जो देश का भविष्य तय करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निषाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश की असल शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई दिशा तय करते हुए विभिन्न योजनाओं से डबल इंजन सरकार में छात्रों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। आज गरीब और वंचित युवा भी भाजपा सरकार में अच्छी पदवी पर पहुंचकर अपने देश, समाज, परिवार का नाम रोशन कर पता है। नवीन मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका में होता है जिससे देश का भविष्य तय होता है। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला महामंत्री आदित्य योगी, जिला उपाध्यक्ष प्रियंक चीकू यादव, विनय सेन, अंकित तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री जितेंद्र जैकी यादव, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी शिवम विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक मेडी राय, रामनरेश यादव, बृजेंद्र लोधी, कपिल नामदेव, धर्मेंद्र परमार, भरत यादव, बबलू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में युवा गण उपस्थित रहे।

**भाजपा सरकार में अच्छी पदवी पर पहुंच रहे गरीब और वंचित छात्र: निषाद**

# पुजारी से परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जतारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कदंवा में बने प्राचीन चंदेल कालीन मंदिर हनुमान जी मंदिर के पुजारी रघुवीर पटेरिया पिता स्वामी पटेरिया से ग्रामीण लोग परेशान हो रहे हैं। ग्राम वासियों का कहना है कि मंदिर की पुजारी के पास जब हम लोग मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को चोला चढ़ाने के लिए जाते हैं तो पुजारी द्वारा पैसों की मांग की जाती है। उनकी मांग के मुताबिक पैसे ना देने पर पूजन सामग्री को फेंक दिया जाता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता का व्यवहार करते है और पुजारी केवल हफ्ते में दो ही दिन आते हैं। मंगलवार और शनिवार के दिन आते हैं बाकी दिन वह टीकमगढ़ में रहते है। जो भी मंदिर से चढ़ोतरी होती है एवं मंदिर में रखी दानपेटी के रुपया पैसा वह सभी अपने साथ ले जाते हैं। मंदिर में प्रतिदिन की शाम संध्या के दिए घी तक नहीं छोड़ते हैं। वह टीकमगढ़ ले जाकर अपने परिवार वालों को खिलाते हैं एवं बाकी बचने पर बेच देते हैं। मंदिर के पुजारी आत्महत्या करके गांव वालों को झूठे आरोप में फंसा देने की बात कहते हैं। ग्रामवासियों ने शनिवार को जतारा तहसीलदार वंदना सिंह एवं थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए अन्य पुजारी नियुक्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मेवालाल अहिरवार, द्वारका पटेरिया, हरिराम विश्वकर्मा, बबलू पटेरिया, श्याम बिहारी तिवारी, ओम प्रकाश, रामनरेश, अनुपम पटेरिया, जगमोहन विश्वकर्मा, कुलदीप अजोरिया, अभिषेक पटेरिया, लक्ष्मी प्रसाद रैकवार, अनिल पटेरिया, ओम प्रकाश कुशवाहा, गुमान कुशवाहा, हरीराम पाल, संतोष पाल, कमल कुशवाहा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बखतपुरा गांव पहुंचे कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह गौर ने आमसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली बाईक

**अन्याय और अत्याचार करने बाले ले रहे भाजपा नेताओं की शरण**

**पलेरा, देशबन्धु।** नगर में 26 अगस्त शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह गौर स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे। यहां से तमाम कार्यकर्ता बाईक रैली का आयोजन करते हुए ग्राम पंचायत बखतपुरा पहुंचे और यहां के हनुमान मंदिर पर आरती में सम्मिलित हुए। गांव में आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह गौर ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनावी साल में लगातार भाजपा के नेता घोषणाएं करने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। जिसका जवाब खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता बहुत जल्द देगी। भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि खरगापुर विधानसभा में इस समय सभी विभागों में भारी भ्रष्टाचार मचा हुआ है। बगैर फाइलो पर वजन रखें कोई भी कार्य किसी विभाग में देखने को नहीं मिल रहे है। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि यहां न्याय व्यवस्था चरमरा गई है। लगातार क्षेत्र में गरीब किसानों पर अन्याय और अत्याचार करने वाले भाजपा नेताओं की शरण ले रहे हैं। श्री गौर ने ग्राम की जनता जनार्दन को आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में गौर बंधु परिवार आप सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा है कि लगभग डेढ़ माह बाद आदर्श आचार संहिता लगने वाली है, और अब जनता जनार्दन ही इस बात का फैसला करेगी कि इस खरगापुर विधानसभा की बागडोर हमें किसके हाथ में देना है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पलेरा राजू राय ने सभी जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व कांग्रेस विधायक श्रीमती चंदा सिंह गौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष रविंद्र सिंह गौर, स्वतंत्र यादव, अध्यक्ष प्रतिनिधि नपा पलेरा विनोद वर्मा, पार्षद मानसिंह राय, ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विश्वदीप चौहान, संगठन महामंत्री मलखान सिंह यादव, अमर सिंह राजपूत, मनीष सिरोठिया, हरिश्चंद्र निरंजन, पुजारी महाराज, ओम प्रकाश अहिरवार, मोहन अहिरवार, रुस्तम खान, अनिल पांडा, इकरार खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

# अस्पताल में जिला स्तरीय परिवार कल्याण प्रशिक्षण आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन के निर्देशन एवं डॉ. के. एम.वरूण डी.एच.ओ. द्वितीय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय परिवार कल्याण प्रशिक्षण जिला महिला प्रशिक्षण केंद्र अस्पताल परिसर टीकमगढ में 24 एवं 25 अगस्त 2023 को एक दिवसीय प्रशिक्षण दो बैचों में सम्पन्न हुआ। परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों जैसे अंतरा इंजेक्शन एवं छाया गर्भ निरोधक गोलियो का उपयोग एवं महत्व के बारे मे प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मेडीकल ऑफीसर, नर्सिंग ऑफीसर, सीएचओ. एवं एएनएम को परिवार नियोजित करने मे कैसे कारगर है, प्रशिक्षकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। छाया गर्भनिरोधक गोली हार्मोन रहित गोलियां है, यह महिलाओ द्वारा ली जाती है। यह छाया या साप्ताहिक गोली के नाम से जानी जाती है। छाया गोली नियमित रूप से सही तरह से ली जाये तो 98 प्रतिशत तक प्रभावी है। यदि बीच-बीच मे गोली लेना बंद करते है तो गर्भधारण का खतरा बढ जाता है। उपयोग का तरीका यह गोलियां पानी के साथ मुँह से ली जाती है। एक पैकेट मे आठ गोलियां होती है। यह गोलियां पहले तीन माह मे सप्ताह मे दो बार सोमबार-गुरुवार या मंगलवार-शुक्रवार या बुधवार -शनिवार एवं तीन माह बाद सप्ताह मे सिर्फ एक बार लेते है। प्रशिक्षण मे तकनीकी सहयोग संजय कुमार सीनियर समन्यवक सागर आईपास फाउंडेशन एवं अमित गोस्वामी जिला समन्यवक आईपास फाउंडेशन, प्रशिक्षक के रूप मे डॉ.रश्मि जैन मेडीकल ऑफीसर जिला चिकित्सालय टीकमगढ एवं रीमा शर्मा नर्सिंग आफीसर का रहा। प्रशिक्षण अवसर पर मनोज नायक जिला मीडिया अधिकारी, प्रतिभा बेडा सी.पी.एच.सी.सलाहकार, डॉ. संजय अहिरवार, डॉ. अंकित साहू, डॉ. अर्चना जैन सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

धारा 57 के तहत पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा पत्र

# नगर के विकास के लिए नही हो रही नियमित बैठक : अभिषेक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शनिवार 26 अगस्त को भाजपा नेता प्रतिपक्ष व पार्षद अभिषेक खरे के नेतृत्व में पार्षदों ने नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी को धारा 57 के तहत एक पत्र सौंपा है। जिसमे कहा गया है कि नगर पालिका के नियमानुसार प्रत्येक दूसरे माह में नगर परिषद की बैठक होना जरूरी होता है। जिससे नगर में विकास कार्य किये जा सके, लेकिन 13 माह के नगर पालिका कार्यकाल में अभी मात्र 3 बैठके ही हो पाई है। पिछली बैठक को भी 5 माह बीत चुके हैं, जिससे नगर के विकास कार्य रुके हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे ने कहा कि धारा 57 के तहत सीएमओ को सौंपे गए पत्र के बाद भी अगर परिषद की बैठक नही बुलाई गई तो नगर पालिका के एक तिहाई पार्षद लिखित में कार्यवाही करेंगे। जिसमे कलेक्टर की जानकारी में परिषद की बैठक बुलानी पड़ेगी। ज्ञापन के दौरान पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि पंकज प्रजापति सहित भाजपा पार्षद मौजूद रहे।

## बटवारे के विवाद में महिला के साथ देवर और देवरानी ने की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में एक महिला का अपने ही देवरों व देवरानी से झगड़ा हो गया। इस झगड़े में पीड़िता की तीनों के द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में 24 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे पीड़ित महिला चम्पा देवी पत्नी भरत दांगी उम्र 45 साल का हिस्से की भैंसे बांटने को लेकर उनके देवर सगुन दांगी, महेन्द्र दांगी व देवरानी देव कुमारी दांगी से विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़िता के साथ इन तीनों ने मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़िता को चोटें आ गई। पीड़िता ने अपने पुत्र राजा दांगी के साथ थाने में रिपोर्ट की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा अभियान, गौ शालाओं के प्रबंधन पर लगा सवालिया निशान

# भूख हड़ताल पर बैठे स्वामी ने 2 लीटर पानी पीकर गुजारा पहला दिन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर उज्जवल भारत अभियान के संस्थापक 32 वर्षीय युवा स्वामी देवस्वरुपानंद जी 25 अगस्त शुक्रवार से जिला संयुक्त कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश के मथुरा वृंदावन से शुरु किया गया उनका यह अभियान अब मध्य प्रदेश के जिले टीकमगढ़ तक पहुंच चुका है। भूख हड़ताल पर बैठे स्वामी देवस्वरुपानंद जी की मांगों के अनुसार सड़कों पर घूम रहे आवारा अन्ना प्रथा गौ-वंश को अतिशीघ्र पकड़वाकर गौशाला अथवा गौ-अभ्यारण्य केंद्र भेजा जाए। गौ-वंश के मृत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए हर ग्राम पंचायत स्तर से नगर तक गौ समाधि धाम संरक्षित करने की प्रक्रिया जल्द शुरु की जाए। संपूर्ण गौचर भूमि को कब्जे से मुक्त कराने के आदेश शीघ्रता पूर्वक जारी किए जाएं। जिले की संपूर्ण गौशालाओं को अलग से गौसेवकों की समिति गठन कर यथा स्थिति में पारदर्शिता से संचालन किया जाए तथा प्रतिमाह गौ-सेवकों के साथ शासन प्रशासन की बैठक सुनिश्चित की जाए। स्वामी जी का कहना है कि मांगे पूरी होने तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। भूख हड़ताल के पहले दिन स्वामी जी ने मात्र दो लीटर पानी पीकर ही सारा दिन गुजार दिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा उनके मुलाकात करने का प्रयास नहीं किया गया और ना ही डॉक्टरों द्वारा उनकी सेहत की जांच करने की जहमत उठाई गई है। शनिवार 26 अगस्त शनिवार को स्वामी जी के पास गौ सेवकों सहित स्थानीय नेताओं की भारी संख्या में उपस्थिति देखी गई। स्वामी जी की भूख हड़ताल को लेकर शहर में प्रशासन की लापरवाही को लेकर चर्चाओं का दौर शुरु हो गया है। सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके निर्मित कराई गई गौशालाओं के प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया जाने लगा है।

### महामंडलेश्वर आएंगे आज, शंकराचार्य ने शिष्यों का किया आवाहन

श्री मठ महेश्वर धाम वृंदावन (मथुरा) के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर महंत धर्मेंद्र गिरी जी महाराज (त्रिशूल बाबा) आज रविवार को दोपहर 11 बजे भूख हड़ताल को समर्थन देने आ रहे हैं। इसके साथ ही श्री मद् प्रयागपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज ने भी फेसबुक के माध्यम से पोस्ट जारी करके अपने शिष्यों से आवाहन किया है कि डॉ. स्वामी देवस्वरुपानंद जी गौ माता की रक्षा के लिए टीकमगढ़ मध्य प्रदेश में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। टीकमगढ़ के हमारे सभी शिष्य और प्रेमी स्वामी जी से संपर्क करें और इस अभियान में अपनी सहभागिता दें।

### गौ-तस्करों से टकराव में कई बार हुए घायल

कभी भाजपा का थिंक टैंक माने जाने बाले केएन गोविंदाचार्य का मार्गदर्शन स्वामी जी को मिलता रहता है। वृंदावन में सोहम आश्रम का महंत रहने के दौरान स्वामी जी को धर्म रक्षा संघ के संत प्रमुख का भी दायित्व मिला। वर्ष 2012 में विश्व हिंदू परिषद से जुड़कर समाज के हित में कार्य को दिशा देने का काम किया। आपने कानपुर बुंदेलखंड विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग का अध्यक्षीय दायित्व निभाया। स्वामी जी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रमुख वासुदेव पटेल के सानिध्य में भी काम किया है। मथुरा वृंदावन में रहने के दौरान स्वामी जी का कई बार गौ-तस्करों से टकराव हुआ और इस टकराव में उन्हे घायल भी होना पड़ा। मृत गौ-वंश को समाधि दिलाने का कार्य भी स्वामी जी करते रहे हैं।

## सार समाचार

### इमलाई में मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम इमलाई में किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं इमलाई स्कूल के विद्यार्थियों ने हाथ में बैनर लेकर और नारे लगते हुए ग्राम इमलाई में जागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही आंगनवाड़ी की महिलाओं द्वारा जिला मुख्यालय पर मानस भवन से घंटाघर होते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी संजीव मिश्रा ने समस्त उपस्थित जनों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई।

### सिद्धार्थ मलैया ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा शिकायती पत्र

# राजनीतिक विद्वेष, विशेष वर्ग की भावना भड़काने वाले पर कार्रवाई करने की मांग

**दमोह देशबन्धु।** सिद्धार्थ जयंत मलैया ने पुलिस अधीक्षक, जिला दमोह को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि दमोह जिले के एक व्हाट्सअप ग्रुप ग्रामीण मंडल अभाना दमोह में दिनांक 25/08/23 को ( एक समाज विशेष को उल्लेख कर) शीर्षक से एक व्हाट्सअप मैसेज (सूचना) व्हाट्सअप पर प्रसारित की जा रही हैं। जिसमें आवेदक व उसके पिता पर बिल्कुल ही निराधार व मनगढंत आरोप लगाते हुये समाज विशेष के व्यक्तियों की भावनायें आहत किये जाने एवं आवेदक व उसके पिता के प्रति वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## ब्लॉक जबेरा की ग्राम पंचायत हरदुआ मानगढ़ में हुआ बड़ा भ्रष्टचार, कागजों पर बनी सीसी रोड

**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत हरदुआ मानगढ़ के पूर्व सरपंच दुर्जन सिंह एवं सचिव गिरन सिंह द्वारा 2017-18 में तीन सीसी रोड फर्जी बनाए गए कागजों पर निर्माण करके राशि भी निकाली। जिसमें करन के घर से दरवाजे तक की राशि 100750, पप्पू के घर से चेतू के घर तक की राशि 200000, नन्हे भाई साहू के घर से अजुददी के घर तक की राशि 79920 अन्य राशियां सहित टोटल राशि 830670/ रुपए निकाली गई। जनपद उपाध्यक्ष डॉ सुजान सिंह एवं ग्रामवासी राहुल रैकवार, पुन्ना अहीरवाल, मंगल सिंह, कमल अहीरवाल, लक्ष्मण सिंह, राजा सींग आदिवासी, प्रेम सिंह, बिहारी, चरन सिंह, का कहना है कि सीसी रोडों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

# अपराधी पर की जिला बदर की कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक सोनू ऊर्फ टंटू यादव पिता गुटरू ऊर्फ प्रवीण यादव निवासी ग्राम अभाना थाना नोहटा जिला दमोह को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से आगामी 10 माह अर्थात 300 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है, तथा आदेशित किया है कि अनावेदक गण आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक गण संबंधित थाना प्रभारी नोहटा को लिखित में सूचना देना ।

## 3 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना हिण्डोरिया के अनावेदक राजा ऊर्फहबीब खान पिता अय्यूब खान निवासी हिण्डोरिया, भूरे ऊर्फमुस्तकीम पिता अजीम खान निवासी ग्राम हिण्डोरिया तथा अनावेदक राजेन्द्र सींग पिता रामसींग ऊर्फमदारी सींग लोधी निवासी ग्राम तारादेही जिला दमोह को आगामी 10 माह अर्थात 300 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार संबंधित अनावेदकों को प्रत्येक सोमवार को संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# केंद्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रम में हुआ बायर-सेलर मीट कार्यक्रम

दमोह देशबन्धु। के अर इण्डिया संस्था एवं वित्तीय सहायक एच.डी. एफसी. बैंक द्वारा प्राप्त केंद्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बायर-सेलर मीट कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित खाद्यान्न सामग्री जिसमें मसाले, पापड़, नमकीन आदि सामग्री के स्टॉल लगाये गये एवं शहर के थोक एवं फुटकर दुकानों में व्यवसाइयों के समक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में शहर के क्रेता चांवला प्रोविज़न, पतंजलि स्टोर, जिओ मार्ट, विशाल मेगामार्ट जैसे अन्य क्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम में आजिविका मिशन के आशीष शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनोज कुमार अहिरवार, डॉ राजेश द्ववेदी, डॉ अनूप, राजेश खवसे एवं एस.कुमार सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा निर्मित खाद्यान्न उत्पाद के क्रेताओ द्वारा ऑर्डर भी मिले। केयर इंडिया एचडीएफ़सी परिवर्तन से परियोजना प्रबंध आनंद शुक्ला के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी संदीप सिंह दीक्षित, रुपेश मिश्रा, शिप्रि गुप्ता, गोपाल यादव, नीतीश चौरसिया, सर्वेंद्र पटेल एवं सीआरपी सुदामा एवं बलवान ठाकुर की उपस्थिति में सफ्ल आयोजन हुआ।

# जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित शिविर में विशेष न्यायाधीश दमोह शरत चंद्र सक्सेना, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय, जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला, जेल स्टॉफएवं बंदीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश शरत चंद्र सक्सेना द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुये बंदीगण के प्रकरणों में नि:शुल्क अधिवक्ता नियुक्त किये जाने के संबंध में एवं न्यायालय में चल रहे बंदियों के प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली गई एवं बंदियों के अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता, मुलाकात का अधिकार, पढ़ने-लिखने, मनोरंजन, धर्मपालन, उपचार का अधिकार के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ने नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि जेल बंदियों के प्रकरणों में उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता योजना अंतर्गत नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है, जिस हेतु उन्हें जेल के माध्यम से अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह को भेजना आवश्यक है। उन्होंने प्लीबार्गेनिंग प्रक्रिया एवं जेल लोक अदालत आदि के संबंध में भी जानकारी दी।

# ग्राम रंजरा में किया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

दमोह देशबन्धु। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम रंजरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्राम के समस्त युवा साथी सम्मिलित हुएं और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी पं. तुलसीराम तिवारी उपस्थित रहे। जिसमें 50 पौधे रोपे गए और समाज सेवी पं. तुलसीराम तिवारी ने बताया कि प्रकृति को संरक्षण करने की आवश्यकता है प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों के आसपास एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे वातावरण शुद्ध साफ रहेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपशे पाण्डेय, उपाध्यक्ष सर्वेंद्र ठाकुर, संयोजक लोकेंद्र ठाकुर ,बाल उपासना प्रमुख धनसींग लोधी ,सह वल उपासना प्रमुख भूपेंद्र लोधी, दौलत, अनुज, विक्रम, राजा, राजेंद्र, विक्रम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक हार्डिकर की पुण्यतिथि मनाई

दमोह देशबन्धु । कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डॉक्टर एनएस हार्डिकर की 48वीं पुण्यतिथि का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में किया गया। जिसमें सबसे पहले जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा कांग्रेस के संगठन मंत्री और पूर्व सेवा दल अध्यक्ष सतीश जैन कल्लन भैया के द्वारा ध्वजारोहण कराया गया। इसके उपरांत वंदे मातरम ध्वज गीत और राष्ट्रगीत के साथ समस्त सेवा दल के साथियों ने ध्वज को सलामी दी। इसके उपरांत समस्त कांग्रेस जन एवं सेवा दल के साथियों ने परम पूज्य महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर एनएस हार्डिकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सेवा दल की महिला अध्यक्ष शशि चौधरी, यंग विकेट के अध्यक्ष संदीप बर्दिया, राजेंद्र दुबे, धन सिंह, अरविंद शुक्ला, राजकुमार श्रीवास्तव शिव प्रसाद आठिया भूपत सिंह आशीष पटेल अरुण मिश्रा के साथी सेवादल और कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# हिन्दी लेखिका संघ का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय मानस भवन के सभाकक्ष में हिन्दी लेखिका संघ दमोह का भव्य वार्षिक सम्मेलन जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल के मुख्यातिथ्य, म. प्र. के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया की अध्यक्षता, दमोह विधायक अजय टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष मंजु राय, हि.ले.सं.सागर अध्यक्ष सुनीला सराफ के विशिष्टातिथि में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बबोधन में संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले तथा उनकी सहयोगी बहनों को बधाई दी और कहा कि हिन्दी लेखिका संघ के सदप्रयासों से हिन्दी साहित्य के प्रति महिलाओं में रुचि जाग्रत हो रही है एवं वे लेखन की ओर प्रवत्त हुईं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दमोह साहित्य के क्षेत्र में अत्यंत समृद्ध है। अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों ने हिन्दी लेखिका संघ दमोह की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और निरंतर गतिमान रहने की शुभकामनाएं दीं। स्मारिका सुरम्या का विमोचन होने के पश्चात डा रघुनंदन चिले ने समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सुरम्या पत्रिका साहित्य की विभिन्न विधाओं की रचनाओं का गुलदस्ता है। पुष्पा चिले के सद्य प्रकाशित उपन्यास शापग्रस्त की समीक्षा करते हुए सागर के प्रो. डॉ शरद सिंह ने कहा नारी विमर्श के युग में नारी के संघर्षों को रेखांकित करने वाली यह कृति निसंदेह पठनीय है। संस्था को सक्रिय सहयोग देने वाले रमेश पटले, निर्मल त्रिवेदी, मयंक देवलिया एवं पत्रकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शालेय लोकगीत प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गए।संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला और स्वरचित स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्था सचिव डॉ नीलम ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष कमलेश शुक्ला ने किया। आभार डॉ इन्द्र जीत कौर ने माना। बडी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रंशसा की। रात्रि भोज के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**दमोह देशबन्धु।** सवा लाख मानस पाठ साकेत धाम में श्री श्री भगवान वेदांताचार्य के संरक्षण में महामंगल सेवा समिति एवं श्रीजी विद्यालय के तत्वाधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं पुष्पहार से किया गया। शिविर में डॉक्टर शुभम मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा नगर दमोह से पधारे करीब 200 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया मरीज को दवाई एवं चश्मे का वितरण किया गया।

# कार से ढोई जा रहे थी शराब की खेप, 2 लाख की शराब बरामद



**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा शराब का अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं पर कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीती रात कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शराब से भरी एक कार को पकड़ा है। कार के साथ पुलिस ने दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब की कीमत डेढ़ से पौने दो लाख रुपए आंकी गई है।

सीएसपी रत्नेश तोमर ने बताया कि बीती रात कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंडिका कार क्रमांक एमपी 20 सीसी 4703 में शराब भरकर दो युवक नारायणपुरा रोड पर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ लिया, जिसमें चालक के साथ एक अन्य व्यक्ति बैठा था, तथा पिछले हिस्से मे भूरे रंग के कार्टून भरे हुए थे। कार की तलाशी लेने पर उसमें शराब की 40 पेटियां मिलीं।

कार में मिले दोनों युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे शराब गढ़ीमलहरा से लेकर आए हैं जिसकी सप्लाई छतरपुर शहर में की जानी थी। कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार करते हुए, कार तथा उसमें भरी गोवा एवं जैगपिन कंपनी की शराब की 40 पेटी जप्त कर ली। पकड़ी गई शराब की कीमत डेढ़ से पौने दो लाख रुपए आंकी गई है। सीएसपी के मुताबिक उक्त प्रकरण में आबकारी विभाग से आवश्यक जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### भाजपा ने तैनात किये उप्र के विधायक

# हर विधानसभा में करेंगे डैमेज कंट्रोल

*छतरपुर, देशबन्धु। टिकिट वितरण के बाद मप्र की कई सीटों पर उपजे विरोध के स्वर को नियंत्रित करने के लिए एवं आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने हेतु भाजपा ने अन्य राज्यों के विधायकों को एक-एक विधानसभा पर विस्तारक के रूप में तैनात कर दिया है। छतरपुर विधानसभा की चुनावी नब्ज को टटोलने, पार्टी को जमीनी फीडबैक देने, कार्यकर्ताओं की आवाज को ऊपर तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने उप्र के तुलसीपुर विधानसभा के विधायक कैलाशनाथ शुक्ला को यहां का विस्तारक बनाया है। कैलाशनाथ शुक्ला पिछले एक सप्ताह से छतरपुर में प्रवास करते हुए यहां के आम नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, वकीलों, शिक्षकों, व्यापारियों और नेताओं से मिलकर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए इस समीक्षा रिपोर्ट के कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला।*

*कैलाशनाथ शुक्ला ने बताया कि भाजपा एक विचारधारा आधारित दल है। यहां व्यक्ति नहीं संगठन महत्वपूर्ण होता है। छतरपुर विधानसभा में ललिता यादव को टिकिट मिलने से अर्चना गुड्डू सिंह के नाराज होने की खबर सामने आयी है लेकिन हमने उनसे बात की है वे पार्टी का विरोध नहीं करेंगे। शुक्ला ने बताया कि वे अर्चना गुड्डू सिंह के घर बैठकर उन्हें आश्वस्त कर चुके हैं कि पार्टी भविष्य में उन पर विचार करेगी फिलहाल वे पार्टी के निर्णय का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि टिकिट वितरण के पूर्व हर कोई अपने लिए टिकिट की लड़ाई लड़ता है लेकिन एक बार टिकिट वितरण हो जाए इसके बाद हम सभी पार्टी के सिपाही हैं। जो लोग भी पार्टी लाइन से बाहर जाकर काम करते हैं उनका अस्तित्व खत्म हो जाता है जैसे कि उमा भारती जैसी बड़ी नेता का हुआ था। उन्होंने कहा कि ललिता यादव से भाजपा के तमाम कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग आदि संतुष्ट हैं इस विधानसभा में भाजपा की स्थिति धीरे-धीरे बेहतर हो रही है। हम चुनाव जीतेंगे। उन्होंने भाजपा के पूर्व जिला संगठन प्रभारी अवधेश नायक के कांग्रेस में जाने से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वे पथ भ्रष्ट हो गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे नगर के सभी वर्गों से मिलकर एक समीक्षा रिपोर्ट बनाकर पार्टी को सौंपेंगे। जनमानस में मोदी और शिवराज सरकार के प्रति गहरा विश्वास है और जनता भाजपा को फिर से सरकार में देखना चाहती है।*

*छतरपुर नगर पालिका में उपज रहे अंतर्कलह से जुड़े सवाल पर कैलाशनाथ शुक्ला ने कहा कि कुछ भाजपा पार्षदों ने नपाध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया की कार्यप्रणाली की शिकायत की है। इस शिकायत पर हमने नपाध्यक्ष को समझाया है कि वे पार्टी के पार्षदों का हित ध्यान में रखें, आपको इन्हीं लोगों ने अध्यक्ष बनाया है। एक सवाल के जवाब में शुक्ला ने स्वीकार किया है कि छतरपुर में कुछ हद तक नेताओं के बीच गुटबाजी है जिसे चुनाव के पहले शांत कर लिया जाएगा।*

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार-समाचार

### डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर सेवादल जिला अध्यक्ष रजिया खान जिला कार्यकारी अध्यक्ष मीना पटेल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू, वरिष्ठ अतिथि अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सुनील जैन, वरिष्ठ नेता मुन्ना पुरुषोत्तम चौबे, भोपाल के प्रभारी सुरेंद्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष बाबू यादव, रणजीता राणा एवं समस्त कांग्रेस परिवार ने हार्डिकर जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन मे सेवादल के योगदान के पर प्रकाश डालते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाई।

### मकरोनिया में चलाया भाजपा सदस्यता अभियान

**मकरोनिया, देशबन्धु।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता की अगुवाई के सदस्यता अभियान के अवसर पर विजय अहिरवार एवं उनके 25 समर्थको ने पार्टी की सदस्यता गृहण की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया ने कहा की केवल भाजपा ही वादे पूरे करने वाली पार्टी है हम काम करो पर विश्वास रखते है मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन ढेर योजनाये सफलता पूर्वक गरीबो के उत्थान के लिए चल रही है। निकेश गुप्ता ने कहा की कांग्रेस के 15 माह के शासन काल मे सभी योजनाओ को बंद कर दिया गया था कांग्रेस सरकार केवल पैसा का रोना रोती रही। नगर पालिका अध्यक्ष मिही लाल ने बन रहे संत रविदास के मंदिर का उल्लेख कर इसे समाज के लिये बडी उपलब्धी बतायी। विजय अहिरवार ने कहा कि आज जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता का जन्मदिन है इसी पुनीत अवसर पर हम 25 साथियों के साथ भाजपा सदस्यता गृहण करने का कार्य कर रहे है। सदस्यता कार्यक्रम के अवसर पर बडी संख्या में मातृशक्ति एवं युवाओ के साथ पवन जैन, केदार शर्मा, बाबूलाल, पिट्टू मेम्बर, डॉ. परशुराम, गंगाराम अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### रजक समाज का मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की शफीपुर विधानसभा से सागर विधानसभा में विस्तारक के रूप में पधारे प्रवासी विधायक बंबालाल दिवाकर के सम्मान में रजक समाज द्वारा सूबेदार वार्ड भरका में सामाजिक मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज जनों ने प्रवासी विधायक का सम्मान किया और कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे समाज के व्यक्ति हमारे शहर में पधारे हुए हैं और आज हमारी अपनी भाजपा के प्रतिनिधि के रूप में हमारे बीच में उपस्थित है हम सभी इस अवसर पर उनका सम्मान कर गौरवान्वित है क्योकि रजक समाज पूर्ण रूप से विकसित समाज नहीं है, समाज के काफी कम लोग इतना आगे बढ़ पाते हैं। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि पूरे प्रदेश की 230 विधानसभाओं में प्रवासी विधायक साथी पहुंचे हैं जो अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज की रिपोर्ट संगठन को सौंपेंगे, इसी कढ़ी में जब सागर विधानसभा में हमे बंबालाल दिवाकर जो कि रजक समाज के रत्न है उनके आने की जानकारी प्राप्त हुई तब समाज के लोगों के साथ उनका कार्यक्रम करने का विचार मन में आया जो आपके सामने फलीभूत है। प्रवासी विधायक बंबा लाल दिवाकर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज अपनी समाज के बीच में यहां परदेश में भी मुझे काफी अपनापन महसूस हो रहा है संत गाडगे की कृपा आप सभी के बीच में आने का अवसर मिला है और आपके परिवार के सदस्य जैसे आपके जन प्रतिनिधि शैलेंद्र जैन है जो आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़े रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन भरत रजक ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### स्वच्छ बांदरी, स्वस्थ बांदरी अभियान शुरू

**सगर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर परिषद बांदरी में प्रारंम्भ किए गए स्वच्छ बांदरी, स्वस्थ बांदरी अभियान के अंतर्गत निरंतर 50 घंटे सफाई अभियान का द्वितीय चरण हुआ। द्वितीय चरण रात्रि कालीन सफाई अभियान में अध्यक्ष प्रतिनिधि, समस्त पार्षद, सीएमओ एवं नगर के समस्त गणमान्य नागरिक शामिल हुएए जिन्होंने अपने सफाई अभियान का शुभारंभ देव श्री हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ किया। निरंतर 8 घंटे तक सफाई का कार्य करने के बाद पुन: दूसरी टीम के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी और स्वच्छता का कार्य बिना रुके निरंतर जारी रहेगा स्वच्छता के इस क्रम में बांदरी नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने हेतु निरंतर समस्त नगर वासी भी उत्साह पूर्वक हिस्सा ले रहे है।

# अगरिया की बेटी गायत्री अहिरवार नौकरी करने हैदराबाद पहुंची, अब आपकी बारी है: गोविंद सिंह

## युवक-युवतियों को 3 मेलों में मिलीं 5000 नौकरियां, 1250 पंजीयन हुये 1000 को मिला रोजगार

**सागर, देशबन्धु।** सुरखी में रोजगार को लेकर यहां के युवक-युवतियां अब अपना गांव, अपना शहर और अपना राज्य छोड़कर बाहर अन्य राज्य में भी सुरखी विधानसभा का नाम रोशन कर रहे हैं। सुरखी विधानसभा के अगरिया गांव की बेटी गायत्री अहिरवार हैदराबाद में नौकरी कर अपने परिवार का आर्थिक सहयोग कर रही है। ऐसी और कई बेटियां और बेटे हैं जिन्होंने सुरखी विधानसभा में हुए रोजगार मेले में नौकरी पाकर विधानसभा का नाम अन्य राज्यों तक पहुंचाया है। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी नगर परिषद में आयोजित रोजगार मेले के शुभारंभ के दौरान कही। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में अभी तक तीन रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है जिसमें करीब 5000 युवक युवतियों को नौकरी मिल चुकी है। सुरखी में भी करीब 1250 पंजीयन हो चुके हैं। जिसमें 1000 युवक युवतियों का चयन कंपनियों के अलग अलग प्रतिनिधियों ने किया है। यहां पांचवी से आठवीं, बीए से एमए समेत अन्य शिक्षा की डिग्री लिये युवक युवतियों को रोजगार मिला है। मंत्री राजपूत ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में काफी प्रतिभाए हैं। आप लगातार इसी तरह रोजागार मेलों का आयोजन करते रहें ताकि यहां के युवक युवतियों को रोजगार मिलता रहे साथ ही आपकी कंपनियों के लिये प्रतिभावान कर्मचारी मिल सकें। मंत्री राजपूत ने इस अवसर पर जैसीनगर विकासखंड 105 स्व सहायता समूह को 116.50 लाख की राशि बैंक लिंकेज निवेश मद से प्रदान की गई, जबकि 17 स्व सहायता समूह सागर विकासखंड के अंतर्गत 30 लाख रुपए की राशि बैंक लिकेज के माध्यम से प्रदान की गई।

### मंच से बांटे राजेगार प्रमाण पत्र

जिन युवक युवतियों का कंपनियों में चयन हुआ उन्हें मंत्री राजपूत ने उनके नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र देते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक सिंह को 35,000, रंजीत सिंह दांगी को 30,000, कशिश राजपूत को 20 से 25,000, अभिषेक सिसोदिया 16,000 रूपए सुमित ठाकुर, अमित ठाकुर, रानी अहिरवार, सुहानी पटैल, सुरभि तोमर, कृष्णा अहिरवार समेत अन्य युवक युवतियों का कंपनी में चयन होने पर नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के बाद मंत्री राजपूत ने पौधारोपण किया। इसके बाद बच्चों से मिलने के लिये निर्माणाधीन पार्क भी पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुये पार्क के बारे में पूंछा बच्चों ने भी उनके सवालों के जबाव देते हुये कहा कि थैंक्यू गोविंद अंकल आपने हम सभी को खेलने के लिये इतना सुंदर पार्क बनाया।

### मंत्री प्रतिनिधि ने किया वार्ड का भ्रमण

**मालथौन, देशबन्धु।** प्रतिनिधि लखन सिंह ने मालथौन के वार्ड क्र. 8 का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने वार्ड क्र. 8 में लोहगड़िया मुहल्ला में रामदेव बाबा मंदिर का शेष कार्य, सीसी रोड के निर्माण, नाली निर्माण एवं अन्य कार्यों की मांग रखी। मंत्री प्रतिनिधि ने उक्त मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। भ्रमण के दौरान लोगों ने अपनी समस्या मंत्री प्रतिनिधि के समक्ष रखीं। जिन पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश सीएमओ मालथौन सहित अन्य अधिकारियों को दिए हैं। मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा कराए जा रहे मालथौन के चहुंमुखी विकास एवं लोहगड़िया समाज के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रसन्न होकर लोहगड़िया समाज के लोगों ने मंत्री प्रतिनिधि के ऊपर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुलिस की बॉर्डर बैठक हुई

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना बहरोल अंतर्गत चौकी सेसई में बॉर्डर बैठक का आयोजन किया गया। बॉर्डर बैठक में एसडीओपी बंडा शिखा सोनी, सीओ मड़ावरा इमरान अहमद, थाना प्रभारी मदनपुर जिला ललितपुर अजय कुमार, थाना प्रभारी बहरोल अनुपमा शर्मा, चौकी प्रभारी सेसई आनंद राय तथा स्टाफ उपस्थित रहा। आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव संबंधी तथा बॉर्डर से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक जानकारियों का आदान प्रदान किया गया। उक्त बैठक के समय उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश दोनों ही प्रदेशों का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### भाजपा से जुड़ा व्यक्ति तपा तपाया होता हैं: देवेंद्र सिंह

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा विधानसभा में संगठनों पदाधिकारियों की बैठके लेने के लिए नियुक्त उप्र के स्याना विधायक देवेंद्र सिंह ने स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की वही पत्रकारों के सवालों पर केंद्र सरकार की कृषक सम्मान योजना एवं राज्य सरकार की लाडली बहना योजना को बहुआयामी योजना बताते हुए इसकी खुले मन से प्रशंसा की टिकट न मिलने से नाराज लोगो के संबंध में कहा कुछ समय की नाराजगी तो होती है लेकिन भाजपा से जुड़ा व्यक्ति तपा तपाया होता हैं जो वक्त आने पर पार्टी को जिताने के लिए जी जान लगा देते है और देखना आने वाले समय में बंडा में भाजपा ऐतिहासिक मतो से जीतेगी बीजेपी द्वारा बनाये गये प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने कहा कि मेरी प्राथमिकता हर व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे और पूर्व के पांच वर्षो में बण्डा विधानसभा में विकास के नाम पर जो शून्यता आ गयी है उससे जनता को उभारकर बण्डा विधानसभा को विकासशील बनाना हैं पत्रकारों के इस सवाल पर कि कुप्रथा मृत्यु भोज के साथ लिए आपके द्वारा चलाये अभियान को कितनी सफलता मिल रही हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें आशातीत सफलता मिल रही हैं इससे प्रेरित होकर अन्य समाज के लोग भी इस कुप्रथा मृत्यु भोज को त्यागने का संकल्प ले रहे है।

## यादव समाज ने मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय लिया

**बांदरी, देशबन्धु।** विदवासन में राधाकृष्ण मंदिर परिसर में क्षेत्र की समस्त यादव समाज की बैठक की गई। जिसमें विदवासन, सेवन, मुहली पिठौरिया, बहेरिया, बमनौरा, परासरी, सेमरा, आगासिर्स, मूड़री एवं अन्य ग्राम से लोग सम्मिलित हुए जिसमें सर्वसम्मति से मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय लिया गया। अब यादव समाज के किसी भी व्यक्ति के निधन होने पर तेरहवीं पर होने वाला मृत्यु भोज नहीं होगा सिर्फ पूजा पाठ होगा। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आज के बाद न तो तेरहवीं करेंगे न ही किसी तेरहवीं कार्यक्रम में जाएंगे। नगर परिषद के प्रभारी आजाद यादव ने कहा कि सर्व यादव समाज के द्वारा यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। कहा निश्चित रूप से तेरहवीं कार्यक्रम गरीब परिवार के समक्ष बड़ी परेशानी खड़ी कर देता है। देखा गया है कि गरीब आदमी बीमारी में कर्ज से लद जाता है, फिर तेरहवीं करने के लिए और कर्ज तले दबता जाता है। बैठक में उपस्थित सभी ने अपने-अपने मत रखें। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मृत्यु भोज बंद करने के विषय में समस्त पाल की यादव समाज द्वारा मृत्यु भोज बंद करने के विषय में समस्त पाल की यादव समाज द्वारा निर्णय लिया गया की दशगोत्र परिवार के द्वारा 10 दिन में किया जाएगा एवं गंगा जली पूजन मैं प्रसाद वितरण ब्राह्मण भोज सिर्फ ग्राम की समाज द्वारा एवं स्वयं के नातेदार द्वारा किया जाएगा। वही शोक पत्र छपवाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा एवं अन्य वर्ग में आना जाना पूर्णता बंद रहेगा सिर्फ वही उक्त निर्णय के बावजूद जो भी पाल समाज व्यक्ति उल्लंघन करेगा। वह व्यक्ति पाल समाज से पूर्णता बंद रहेगा।

### डॉ. सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि व मदर टेरेसा का जन्मदिन पर पौधारोपण कर श्रद्धांजलि दी

**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा में सेवादल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीण कांग्रेस सेवादल ने डॉ. सुब्बाराव हार्डिकल की पुण्यतिथि पर व मदर टेरेसा का जन्मदिन पौधारोपण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए सभी को संबोधित करते हुए कहा आने वाले समय में हर बूथ पर सेवादल के साथियों को संघर्ष करना है। ताकि 3 महीने बाद मप्र में कांग्रेस की सरकार स्थापित हो सके कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लाक सेवादल अध्यक्ष अनिल सोनी ने किया। आभार सुनील ठाकुर ने माना। कार्यक्रम में आनंद हेला, विनोद यादव, देवेंद्र मोहब्बतें, अजय राजपूत, गोविंद ठाकुर, अनिल जाटव, नितेश बंसल आदि समस्त सेवादल ग्रामीण कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन मानवीय संस्कार व सनातनी संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार हैः मणीकांत चौबे

**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की 1493 वें क्रम तथा ऑनलाईन स्वरूप की 171 वी संगोष्ठी में मप्र के अतिरिक्त देश के विभिन्न प्रदेशों के कवि कवयित्रियों ने ऑनलाईन रुप से काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. नलिन जैन ने किया। सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक की अध्यक्षता में संगोष्ठी संपन्न हुई। डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने कहा कि बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की तीस वर्षों से निर्बाध संगोष्ठी आयोजित करते रहने के लिए संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज की साहित्यिक निष्ठा व लगन की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। काव्यपाठ करते हुए कहा कर्ज मानवता का मिलकर उठाना है, हमें। प्यार की खुशबू भरा, गुलशन सजाना है हमें। भूल कर पतझड़ की यादें, गीत बासंती कहो, खाईयां गहरी निराशा की मिटाना है, हमें। संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने रक्षा बंधन की महत्ता पर कहा रक्षा बंधन मानवीय संस्कार व सनातनी संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार है। रक्षा बंधन भाई बहन के मध्य श्रद्धा विश्वास की अटूट स्नेह परम्परा है। इस पावन स्नेह पर्व को अक्षुण्ण रखना हमारा नैतिक व सामाजिक दायित्व है। भाई, अपनी बहन के प्रति अपने उत्तर दायित्व को कभी न भूलें। जीवन में हर गलत कार्य का सशक्त विरोध करें ताकि समाज की शांति सुरक्षा व सद्भाव जीवंत रहे, सशक्त रहे। रक्षा बंधन पर काव्य पाठ करते हुए कहा बाट जोहती, दरवज्जे पर, विश्वासों का लेकर चंदन। बहन खड़ी है, आस लगाए, जी हां, आज है रक्षा बंधन। भाई आये तो बंध जाये राखी, सजा रखी है, सुंदर थाली। संगोष्ठी में काव्यपाठ हेतु आमंत्रित देश के विभिन्न प्रांतों से कवि कवियित्रियां ने काव्य पाठ के द्वारा समाज को सकारात्मक संदेश की ऊर्जा से सराबोर किया। अनेक श्रोतागण ऑनलाईन उपस्थित रहें। मणीकांत चौबे बेलिहाज ने संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक तथा संचालन कर्ता डॉ. नलिन जैन सहित उपस्थित समस्त आमंत्रित कवियित्रयों कवियों तथा समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## डीपीएस में हुआ नवगठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

**सागर, देशबन्धु।** डीपीएस में नवगठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कैप्टिन यूपीएस भदौरिया भारतीय नौ सेना विभाग उपस्थित रहे। तो वहीं निदेशक मण्डल से रितुल सराफ, राहुल सराफ, दर्शिनी जैन निदेशक डीपीएस सागर, चन्द्रकान्त शर्मा प्राचार्य डीपीएस मकरोनिया, मनीषा निनावे कॉआर्डिनेटर जीएसपीएस सागर तथा अभिभावक व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। निदेशक राहुल सराफ ने मुख्यातिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य राजेश निनावे ने आगंतुक अतिथियो का पौधा भेंटकर स्वागत किया। नवगठित स्कूल विद्यार्थी परिषद के सदस्यों का प्रशिक्षक स्वीमिंग कोच कैप्टिन हीराचंद के नेतृत्व में मुख्यातिथि कैप्टिन यूपीएस भदौरिया भारतीय नौ सेना ने बैच लगाकर पदोन्नयन किया, साथ ही परिषद के सदस्यों को पूर्ण लगन, ईमानदारी वकर्मठता से पद के निर्वाहन की शपथ दिलाई। चारों हाउस के हाउस कैप्टिन का मुख्यातिथि ने सभी को बैच लगा पदोन्नयन किया। इसके बाद पद का ईमानदारी से निर्वाहन करने की शपथ दिलाई। शपथगृहण समारोह के बाद नृत्य शिक्षिका मुस्कान सोनी के प्रशिक्षण में विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं संगीत शिक्षक शिवम विश्वकर्मा व अभितेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने गीत से समांबांध दिया। मुख्यातिथि कैप्टिन यूपीएस भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि डीपीएस सागर बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध स्कूल है। यहां विद्यार्थियों के पठन-पाठन के साथ-साथ नेतृत्व करने का भी गुण सिखाया जाता है। पाठन और लेखन दोनों ही पढ़ाई के अंग हैं। हमें पढ़ने के साथ-साथ लेखन में भी सुधार करना चाहिए। अंत में उन्होंने विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित सभी सदस्यों को चुने जाने और कर्मठता से कर्तव्य निर्वाहन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जॉनसन पीपी ने किया। विद्यालय के उप प्राचार्य ऋषभ कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अच्छी शिक्षा से भविष्य का निर्माण होता है: केएल वर्मा

**सागर, देशबन्धु।** केएलव्ही मिशन एक प्रयास के संस्थापक एवं अध्यक्ष व बिजली कंपनी सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता केएल वर्मा ने झांसी रोड मकरोनिया स्थित स्कूल में केएलव्ही मिशन एक प्रयास के तहत स्कूल के शिक्षको छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए ऊर्जा, जल, पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाते हुए इनके महत्व के बारे में बताया कि आवश्यकता अनुसार ही बिजली का उपयोग करे बिजली की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है और उन्होने कहा बारिश के दिनों में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के करने साथ ही स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित किया। श्री वर्मा ने कहा शिक्षा शारीरिक रूप से मानसिक रूप से विकास और निर्माण का कार्य करती है। शिक्षा हमें लक्ष्य तक पहुचाती है अच्छी शिक्षा से भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने पढ़ने अच्छे अंक लाकर अच्छे कालेज में पढ़ाई करने, उच्च पद एवं उच्च व्यवसाय में जाने लक्ष्य तय करने पढ़ने व आगे बढ़ने के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण के संबंध में कहानी एवं उदाहरण के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समय समय पर नि:शुल्क सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर मिशन के कार्यकारणी अध्यक्ष डीएन चौकीकर, जिलाध्यक्ष बीपी सिंह, प्रमोद गेडाम, मधुकर स्वर्णकार, बलराम बारिया, चंद्रशेखर झरवडें, अवनीश जारोलिया आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मिशन की टीम द्वारा स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण किया।

### अधिवक्ता मंच के प्रदेश सचिव बने इंद्रकुमार



**शाहगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अधिवक्ता मंच मप्र के प्रदेश सचिव नियुक्त होने वाले शाहगढ़ के एड. इंद्रकुमार सिंघई का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदकुमार बलेजा के निर्देश पर माधव मालवीय राष्ट्रीय प्रभारी और शेलेंद्र सक्सेना कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा की गई। इंद्रकुमार मप्र कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव भी है। नियुक्ति पर विधायक तरवर सिंह, एड. दौलत यादव, लोक राम विश्वकर्मा, गोविंद राजपूत, रिंकू राजपूत, गिरजा शंकर अहिरवार आदि अधिवक्ताओं द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए खुशियां मनाई और मिठाइयां खिलाई।

### सीसीटीवी कैमरे की मदद से मिली मोटर साईकिल

**सागर, देशबन्धु।** निखिल रजक पिता राजकुमार रजक निवासी गणेश वार्ड बिना की मोटर साइकिल क्र. एमपी 15 एनके 5007 होंडा शाइन गाड़ी 25 अगस्त रात्रि 8.30 बजे भूल बस एक दुकान पर रह गयी थी उक्त व्यक्ति द्वारा उसे 26 अगस्त को उसे जगह पर देखा गया उसकी बाइक नहीं मिली फिर व्यक्ति सीसीटीवी कंट्रोल रूम आया जिसमें सीसीटीवी कैमरे की मदद से उसकी गाड़ी महावीर चौक सागर फाटक और गांधी चौराहा पर जाते हुए कमरे में दिखी और छानबीन करने के बाद व्यक्ति की गाड़ी मस्जिद वार्ड में एक दुकान के सामने खड़ी मिली जिसका पता आरक्षक नीरज कुमार और देवेंद्र ने लगाया और उसकी गाड़ी उस व्यक्ति को दे दी।

## नारायण सुब्बाराव अनुशासन के सिपाही थे: इंदर यादव



**बीना, देशबन्धु।** आचवल वार्ड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय द्वारा आयोजित कांग्रेस सेवादल संस्थापक नारायण सुब्बाराव की पुण्यतिथि पर सभी कांग्रेस जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने बताया कि नारायण सुब्बाराव हार्डिकर अनुशासन के एक ऐसे सिपाही थें जिन्होंने देश को बहुत कुछ दिया, वही अनुराग ठाकुर ने कहा आज हमें उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलने की नितांत आवश्यकता है, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष बबलू राज ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा वह राज्यसभा के दो बार सदस्य रहे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हिंदुस्तान सेवा दल की स्थापना की, एड. राजाराम अहिरवार ने कहा बंगाल विभाजन के विरोध में नारायण सुब्बाराव ने आर्य बाल सभा का गठन किया था। सेवादल के पूर्व अध्यक्ष राजामाधव राय ने नारायण सुब्बाराव अपनी कार्य कुशलता और क्षमताओं के आधार पर 672 डकैतों का आत्म समर्पण करवाया, रामकिशन अहिरवार ने बताया कि आजादी के बाद वर्ष 1952 में उन्हें राज्य सभा का सदस्य चुना गया था। देश के प्रति निष्ठा और सेवा भावना को देखते हुए भारत सरकार ने नारायण सुब्बाराव को पद्मभूषण से सम्मानित किया था। इस मौके पर विशेष रूप से ममता अहिरवार, सुरेश तिवारी नाही, मोतीलाल अहिरवार, कमलेश साहू, शालकराम यादव, प्रभु दयाल सोनी, खुशी लाल अहिरवार, अशोक सेन के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।